# जय हिन्द जनाब

हर नज़र पर ख़बर — हर ख़बर पर नज़र

तापमान 27 °C | °F 16 °C | °F — आर्द्रता 48 % — वात 19 KM/H

वर्ष : 18, अंक : 223 पृष्ठ : 8, मूल्य : 2 रुपए — UPHIN/2005/14445 — www.jaihindjanab.com — नोएडा (गौतमबुद्ध नगर) बृहस्पतिवार, 13 अक्टूबर, 2022




पेज 7 रणवीर सिंह 'महाराष्ट्रीयन ऑफ द ईयर'...



गंदगी मिलने पर लगाई फटकार... पेज 8






# हिजाब पर बटे दोनो जज

## अब मामले की सुनवाई बड़ी बेंच करेगी, एक ने ठहराया सही एक ने गलत

जय हिन्द संवाद



**नई दिल्ली।** कर्नाटक में शिक्षण संस्थानों में हिजाब बैन के खिलाफ याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ गया है। हालांकि, बेंच में शामिल दोनों जजों की राय अलग अलग है। जहां जस्टिस हेमंत गुप्ता ने हिजाब बैन को सही ठहराया है। वहीं जस्टिस सुधांशु धूलिया ने कर्नाटक हाईकोर्ट के बैन जारी रखने के आदेश को रद कर दिया। ऐसे में अब इस मामले को बड़ी बेंच में भेजा गया है।

जस्टिस हेमंत गुप्ता ने अपना फैसला सुना दिया है। उन्होंने हिजाब बैन के खिलाफ दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया है। यानी हिजाब पर प्रतिबंध को सही माना है। बड़ी पीठ को भेजने के लिए 11 सवाल तय किए गए हैं। संविधान के मूल के अधिकारों को लेकर सवाल तय किए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले, हिजाब मामले में कर्नाटक हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था। इस मामले में 21 वकीलों के बीच दस दिनों तक बहस चली थी। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ड्रेस कोड वाले कर्नाटक सरकार के संदर्भ में पीएफआइ से उसके ताल्लुक का कोई जिक्र नहीं था। सर्वोच्च अदालत में दायर विभिन्न याचिकाओं में से एक में बताया गया है कि सरकार और प्रशासन छात्राओं को अपने धर्मों का पालन करने देने में भेदभाव बरतते हैं। इससे कानून व्यवस्था बिगड़ने की परिस्थितियां पैदा होती हैं। एक अन्य याचिका में कहा गया है कि हाई कोर्ट ने अपने आदेश में छात्र-छात्राओं को समानता के आधार पर क समान निर्धारित वेशभूषा पहननी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में जब इस मामले की सुनवाई शुरू हुई थी, तब सबसे पहले कर्नाटक सरकार के उस सर्कुलर पर बहस छिड़ी जिसमें हिजाब पर बैन लगाने की बात हुई थी। अब याचिकाकर्ताओं के वकील ने कोर्ट में जोर देकर कहा कि राज्य सरकार ने क्या सोचकर आजादी के 75 साल बाद यूं हिजाब पर प्रतिबंध लगाने की सोची? ऐसे में किस आधार पर राज्य सरकार वो सर्कुलर लेकर आई थी, ये स्पष्ट नहीं हो पाया। दुनिया के दूसरे देशों के कुछ उदाहरण देकर भी हिजाब पहनने को सही ठहराया गया था। सुप्रीम कोर्ट के सामने अमेरिकी सेना के कुछ नियम बताए गए थे तो पश्चिम के दूसरे देशों में दिए गए अधिकारों का भी जिक्र हुआ था। कोर्ट को बताया गया कि अमेरिका में सेना में भर्ती लोगों को पगड़ी पहनने की इजाजत रहती है। सुप्रीम कोर्ट में हिजाब विवाद पर कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ 23 याचिकाएं दाखिल हैं। इन याचिकाओं को मार्च में दाखिल किया गया था। याचिकाकर्ताओं की ओर से सीनियर एडवोकेट राजीव धवन, दुष्यंत दवे, संजय हेगड़े, कपिल सिब्बल सहित कई वकीलों ने अपना पक्ष रखा है।

कर्नाटक हाईकोर्ट ने 14 मार्च को हिजाब विवाद पर फैसला सुनाया था, जिसमें कहा था कि हिजाब इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। हाईकोर्ट ने आगे कहा था कि छात्र स्कूल या कॉलेज की निर्धारिक ड्रेस कोड पहनने से इनकार नहीं कर सकते। बता दें कि कर्नाटक में हिजाब विवाद जनवरी के शुरुआत में उडुपी के ही एक सरकारी कालेज से शुरू हुआ था, जहां मुस्लिम लड़कियों को हिजाब पहनकर आने से रोका गया था। स्कूल प्रबंधन ने इसे ड्रेस कोड के खिलाफ बताया था। इसके बाद अन्य शहरों में भी यह विवाद फैल गया।

बीच सड़क पर एनकाउंटर

# भाजपा नेता की पत्नी की मौत

## पुलिस के इंस्पेक्टर समेत 3 को गोली लगी

जय हिन्द संवाद



**मुरादाबाद।** खनन माफिया का पीछा करते हुए उत्तराखंड पहुंची यूपी पुलिस के एनकाउंटर में एक भाजपा नेता की पत्नी की मौत हो गई। जिस वक्त फायरिंग हुई महिला ड्यूटी से लौट रही थी। क्क पुलिस ने खबर मिलने पर खुद ही ऑपरेशन प्लान किया था, लेकिन एनकाउंटर के दौरान माफिया ने 12 पुलिसवालों को करीब एक घंटे तक बंधक बनाए रखा। पुलिस की गाड़ी फूंक दी, हथियार लूटे। महिला की मौत से नाराज ग्रामीणों के गुस्से का फायदा उठाकर फरार हो गया।

पुलिस को बुधवार दोपहर को पता चला कि खनन माफिया जफर मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा इलाके में है। पुलिस ने शाम साढ़े पांच बचे दबिश दी तो जफर ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई।

खुद घिरता देख जफर यहां से यूपी बॉर्डर क्रॉस कर उत्तराखंड में ऊधम सिंह नगर जिले में कुंडा थाने के गांव भरतपुर पहुंच गया। यूपी पुलिस की टीम भी पीछा करते भरतपुर पहुंच गई। बरेली जोन के एडीजी राजकुमार ने बताया कि माफिया जफर भरतपुर में भाजपा नेता गुरताज सिंह के फार्म हाउस पर जाकर छुप गया। ठाकुरद्वारा थाने से भरतपुर की दूरी बमुश्किल 8 किमी है।

पुलिस के जवान सादे कपड़ों में थे। कुछ वीडियो में दिख रहा है कि भुल्लर के फॉर्महाउस पर 10-12 लोग पिस्टल लेकर घुस रहे हैं और यहां सादे कपड़ों में पुलिसवाले थे। शुरुआत में भुल्लर की फैमिली ने पुलिसवालों को बदमाश समझा।

हालांकि मुरादाबाद पुलिस टीम ने अपना परिचय दिया और फार्म हाउस में घुसे 50 हजार के इनामी खनन माफिया जफर को अपने हवाले करने को कहा। लेकिन भुल्लर की फैमिली लोकल पुलिस को बुलाने की मांग करने लगी। इसी बीच स्थानीय लोगों ने विरोध शुरू कर दिया।

बहस के दौरान पुलिस को माफिया जफर दिखा। तभी फायरिंग शुरू हो गई। इसी दौरान भुल्लर की पत्नी गुरुजीत कौर (28 साल) ड्यूटी करके लौट रही थीं। उन्हें गोली लग गई। परिजन आनन-फानन उन्हें निजी डॉक्टर के पास लेकर गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

परिजनों का कहना है कि गुरजीत की मौत मुरादाबाद पुलिस की गोली लगने से हुई है। इस घटना में उत्तराखंड के कुंडा थाने में मुरादाबाद के 4 पुलिसकर्मियों को नामजद करते हुए 10-12 पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## खास खबर

### स्पाइसजेट के विमान की हैदराबाद में आपात लैंडिंग



**नई दिल्ली।** हैदराबाद हवाईअड्डे पर स्पाइसजेट के एक विमान की आपात स्थिति में लैंडिंग के बाद यात्रियों को आपातकालीन निकास से बाहर निकाला गया। डीजीसीए की ओर से इस बात की जानकारी दी गई है। गोवा से आ रहे स्पाइसजेट के एक विमान की बुधवार रात हैदराबाद हवाईअड्डे पर आपात स्थिति में लैंडिंग कराई गई। डीजीसीए के अधिकारियों ने घटना की जानकारी देते हुए बताया है कि मामले की जांच चल रही है। अधिकारियों ने बताया है कि विमान के केबिन में धुआं दिखने के बाद बुधवार की देर रात विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। डीजीसीए की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार विमान की सुरक्षित लैंडिंग के बाद विमान यात्रियों को आपातकालीन निकास द्वार से बाहर निकाला गया।

# पीएम ने 'वंदे भारत एक्सप्रेस' को दिखाई हरी झंडी

## 52 सेकेंड में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की पकड़ सकती है रफ्तार

जय हिन्द संवाद



**शिमला।** प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्वतीय राज्य हिमाचल प्रदेश की अपनी यात्रा के दौरान ऊना रेलवे स्टेशन से वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर भी मौजूद थे। प्रधान मंत्री कार्यालय (पीएमओ) के अनुसार, अम्ब अंदौरा से नई दिल्ली के लिए चलने वाली यह चौथी वंदे भारत ट्रेन है जिसे देश में पेश किया गया है और यह पहले की तुलना में एक उन्नत संस्करण है। यह महज 52 सेकेंड में 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ लेती है। ट्रेन की शुरूआत से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने और यात्रा का एक आरामदायक और तेज तरीका प्रदान करने में मदद मिलेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की चौथी 'वंदे भारत एक्सप्रेस' ट्रेन को हिमाचल प्रदेश के ऊना रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

ट्रेन हिमाचल प्रदेश के अंब अंदौरा स्टेशन से नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन के बीच चलेगी। अधिकारियों ने कहा कि नयी वंदे भारत ट्रेन पहले की ट्रेन की तुलना में अधिक उन्नत और हल्की है तथा कम अवधि में तेज गति से चलने में सक्षम है।

# यूपी में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स नीति को मंजूरी, 10 लाख रोजगार होंगे सृजित

जय हिन्द संवाद



**लखनऊ।** यूपी सरकार ने गुरुवार को कैबिनेट बैठक में इलेक्ट्रिक व्हीकल नीति को मंजूरी दे दी है। इसके तहत कई सहूलियतों के साथ ही वाहनों की खरीद पर भारी सब्सिडी भी दी जाएगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में नई इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण और गतिशीलता नीति- 2022 को मंजूरी दे दी गई है। इसके तहत इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर प्रदेश सरकार द्वारा भारी सब्सिडी दी जाएगी। सरकार ने इसके तहत प्रदेश में 30 हजार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा है जिससे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर करीब 10 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। नीति का उद्देश्य न केवल राज्य में एक पर्यावरण के अनुकूल परिवहन प्रणाली विकसित करना है बल्कि इलेक्ट्रिक वाहनों, बैटरी एवं संबंधित उपकरणों के विनिर्माण के लिए उत्तर प्रदेश को एक वैश्विक केंद्र भी बनाना है।

भारत जोड़ो यात्रा का 36वां दिन

# राहुल ने बोमागोंडानाहल्ली से शुरू किया पैदल मार्च

जय हिन्द संवाद



**बेंगलुरु।** राहुल ने बुधवार को चित्रदुर्ग में ही एक सभा के दौरान भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वह सरकारी संपत्तियों के बड़े पैमाने पर जारी निजीकरण से सहमत नहीं हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का आज 36वां दिन है। गुरुवार को उन्होंने चित्रदुर्ग के बोमागोंडानाहल्ली से कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पैदल मार्च की शुरुआत की। उनके साथ कर्नाटक कांग्रेस के कई बड़े नेता भी शामिल रहे। तमिलनाडु के कन्याकुमारी से शुरू हुई राहुल की यह यात्रा अब तक 925 किलोमीटर आगे आ चुकी है। यह यात्रा 12 राज्यों से होते हुए कश्मीर में जाकर खत्म होगी। इससे पहले राहुल ने बुधवार को चित्रदुर्ग में ही एक सभा के दौरान भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वह सरकारी संपत्तियों के बड़े पैमाने पर जारी निजीकरण से सहमत नहीं हैं। राहुल ने कहा कि सत्ता में आने पर उनकी पार्टी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के निजीकरण की अनुमति नहीं देगी।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि सत्ता में आने पर उनकी पार्टी राष्ट्रीय एवं राज्य - दोनों स्तरों पर एक रणनीति बनाएगी जिससे युवाओं के लिए रोजगार सुनिश्चित होगा। वह कर्नाटक के करीब 1,800 युवाओं के साथ बेरोजगारी पर बातचीत कर रहे थे।

- अर्ज है

**जनाब ...**

अब हिमाचल में भी वंदे मातरम ट्रेन: खबर

**जनाब-ए-आली**

गाय-भैंस सक्रिय ...!






एक मे मीनो! PRIYAGOLD

**Breaking**

>> ठाणे : युवक को थाईलैंड की कंपनी ने बनाया बंधक, बड़े भाई ने पुलिस में की शिकायत >> गाजियाबाद : चाकू से गोदकर पत्नी की हत्या >> कोलकाता : एस्के मूवीज स्टूडियो में लगी भीषण आग बुझाई गई, कोई हताहत नहीं >> तूतीकोरिन : तमिलनाडु में किन्नरों के बाल काटे : कहा- मर्दों से पैसे वसूले, अब सुंदर लग रही है ना?

## संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत, मायका पक्ष ने हत्या का आरोप लगाते हुए किया हंगामा

**मुजफ्फरनगर।** खतौली के मोहल्ला सद्दीकनगर में बुधवार को संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत हो गई। उसके स्वजन ने गला दबाकर हत्या का आरोप लगाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होगा।

बुढ़ाना रोड के मोहल्ला सद्दीकनगर में तमन्ना पत्नी शौकीन की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। स्वजन ने उसकी हत्या का आरोप लगाया। उन्होंने ससुरालजनों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा किया। इंस्पेक्टर संजीव कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। हंगामा कर रहे स्वजन को समझा बुझाकर शांत किया। मौका मुआयना कर घटना की जानकारी ली। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भिजवा गया। मृतका के स्वजन ने बताया कि तमन्ना के तीन पुत्र और पुत्री है। ससुरालजनों ने उसकी गला दबाकर हत्या की है। उसके गले पर निशान पड़ा हुआ था। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। स्वजन की तहरीर के आधार पर मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## लापता युवती की गुमशुदगी दर्ज

**मुजफ्फरनगर,**। छपार क्षेत्र के गांव रामपुर निवासी पूनम ने बताया कि उसकी 18 वर्षीय पुत्री मुजफ्फरनगर स्थित श्रीराम कालेज की बीटेक की छात्रा है। बुधवार सुबह को वह घर से कालेज के लिए कहकर निकली थी। परंतु शाम तक भी घर वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बावजूद भी कोई सुराग नही लगा। स्वजन की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करते हुए युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# ज्ञानवापी मस्जिद है इसमें नहीं दी जा सकती पूजा की अनुमति

जय हिन्द संवाद

**वाराणसी।** ज्ञानवापी प्रकरण में विश्व वैदिक सनातन संघ की अंतरराष्ट्री महामंत्री किरन सिंह की ओर से दाखिल मुकदमा सुनने योग्य है नहीं (पोषणीयता) पर बुधवार को सिविल जज सीनियर डिवीजन ट्रैक फास्ट कोर्ट महेंद्र कुमार पांडेय की अदालत में सुनवाई हुई। इसमें मुस्लिम पक्ष ने वक्फ एक्ट व विशेष पूजा अधिनियम (1991) का हवाला दिया। अदालत ने सुनवाई के लिए अगली तिथि 13 अक्टूबर तय की है।



मस्जिद पक्ष अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद की ओर से वकील अखलाक अहमद, मुमताज अहमद व रईस अहमद ने अपनी बात कही। उन्होंने पहले मंदिर पक्ष के दावे को अदालत के सामने रखा। इसमें दिए गए मुख्य तीन बिंदू ज्ञानवापी परिसर हिंदुओं को सौंपने, उसमें मुस्लिमों के प्रवेश पर रोक और ज्ञानवापी परिसर में मिले शिवलिंग के नियमित दर्शन-पूजन की मांग पर अपनी आपत्ति की। अदालत के सामने कहा कि ज्ञानवापी में मस्जिद है। इसमें वर्ष 1669 से नमाज अदा की जा रही है। जिस स्थान पर नमाज हो रही हो वहां पूजा की अनुमति नहीं दी जा सकती है। यह विशेष पूजा अधिनियम (1991) से संबंधित है।

दावे में आराजी संख्या 9130 को हिंदुओं को सौंपने की मांग की गई है। इस पर मस्जिद होने वजह से इसे किसी अन्य को नहीं सौंपा जा सकता है। ज्ञानवापी वक्फ बोर्ड में रजिस्टर्ड है। इसका वक्फ संख्या 100 है। इसलिए वक्फ एक्ट के तहत इसकी सुनवाई स्थानीय अदालत में नहीं हो सकती है।

मंदिर पक्ष ने पूजा के अधिकार के नियम तहत ज्ञानवापी परिसर में पूजा-पाठ की मांग की यह नियम अन्य धर्म पर भी लागू होता है। ऐसे में इनका मुकदमा सुनवाई योग्य नहीं है।

दोपहर दो बजे से एक घंटे तक चली सुनवाई के बाद अदालत ने अगली सुनवाई की तिथि तय कर दी। इस दिन मस्जिद पक्ष की ओर से अपनी बातों को साबित करने के लिए रूलिंग और सुप्रीम कोर्ट व हाई कोर्ट के फैसलों का जिक्र किया जाएगा।




**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के सर्किल 10 द्वारा एक्सप्रेस वे पर सड़क बनाने का कार्य जोरों से किया जा रहा है।

# मुरादाबाद का कारोबारी हनीट्रैप में फंसा

## युवती ने शादी करके ऐंठे 40 लाख, अब 50 लाख और मांग रही

जय हिन्द संवाद

**मुरादाबाद।** दिल्ली के एक गैंग ने हनीट्रैप करके मुरादाबाद के कारोबारी को फंसा लिया। दबाव बनाकर एक युवती से शादी करा दी। शादी के अगले दिन से ही उसने पैसे ऐंठने शुरू कर दिए। 40 लाख रुपये लेने के बाद महिला और उसका गैंग 50 लाख रुपये और देने का दबाव बना रहा है।




दिल्ली का गिरोह रुपये न देने पर कारोबारी को दुष्कर्म के मामले में फंसाने के साथ ही एनकाउंटर कराने की धमकी दे रहा है। पीड़ित की तहरीर पर सिविल लाइंस थाना पुलिस ने एक युवती, दो महिलाओं समेत पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, वसूली और धमकी देने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है।मुरादाबाद के चंद्र नगर निवासी विक्रम कथूरिया दिल्ली के ईस्ट अर्जुन नगर में रहकर कारोबार करते हैं। उन्होंने सिविल लाइंस थाने में तहरीर देकर बताया कि दिल्ली के आनंद विहार निवासी सोनिया अरोड़ा, दिल्ली की झिलमिल कालोनी निवासी मोनिका, उसके पति दीपक राठौर, दिल्ली के कृष्णा कुंज निवासी सुशील कुमार और उसकी पत्नी सुशीला ने मिलकर उनके साथ धोखाधड़ी की है।

कारोबारी ने बताया कि उनका पत्नी से तलाक को लेकर दिल्ली कोर्ट में मामला लंबित है। इसी दौरान उसकी मुलाकात दिल्ली में सोनिया अरोड़ा नाम की युवती से हुई। कुछ दिनों की बातचीत के बाद सोनिया ने उसको शादी करने का प्रस्ताव दिया, लेकिन वह तैयार नहीं हुआ। इसके बाद सोनिया ने साथी सुशील कुमार, दीपक राठौर, सुशीला और मोनिका से मिलवाया। सभी ने मिलकर उस पर सोनिया से शादी करने का दबाव बनाया। इसके बाद उसने सोनिया से एक मंदिर में शादी कर ली। शादी के दूसरे दिन से सोनिया उसके साथ अभद्रता करने लगी। रुपये देने के लिए दबाव बनाती। आरोप है कि सभी ने मिलकर लगभग 40 लाख रुपये ले लिए। बीते दिनों सभी ने मिलकर एकमुश्त 50 लाख रुपये देने की मांग की। पैसे नहीं देने पर दुष्कर्म के मामले में फंसाने के साथ ही पुलिस एनकाउंटर कराने की धमकी देने लगे। आरोपितों ने कारोबारी के मुरादाबाद घर में आकर पैसों की वसूली की। परेशान होकर कारोबारी ने सिविल लाइंस थाने में आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की तहरीर दी। सिविल लाइंस थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर पांच आरोपितों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# एटीएम कार्ड बदलकर निकाले 25 हजार



जय हिन्द संवाद

**शामली।** कांधला कस्बे के मोहल्ला खैल निवासी संदीप मंगलवार को दिल्ली सहारनपुर रोड पर एटीएम से रुपये निकालने के लिए गए थे। एटीएम से काफी देर तक पैसे नहीं निकले। वहां पहले से मौजूद दो युवकों ने मदद के नाम पर संदीप का एटीएम कार्ड बदल लिया। पैसे न निकलने पर संदीप अपने घर आ गया। कुछ देर बाद उसके मोबाइल पर खाते से 25 हजार रुपये निकलने का मैसेज आया। गोली लगने से युवक का हाथ फटा

## युवक को गोली मारी

मेरठ, । खेड़ी गांव निवासी अतुल ने पुलिस को बताया कि वह अपने घर में सो रहा था। इस दौरान बदमाश घर में घुस गए। आहट होने पेर अतुल का बेटा अर्पण नींद से जा गया। अर्पण ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर ग्रामीण जमा हो गए। भाग रहे बदमाशों ने फायरिंग कर दी। इसके जवाब में लोगों ने भी फायर किया। इसी बीच अर्पण ने एक बदमाश को पकड़कर शोर मचाया। बदमाश युवक से छूटकर भाग गया। स्वजन मौके पर पहुंचे तो अर्पण का हाथ फटा हुआ था और खून बह रहा था।

## तुलसियानी कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर समेत पांच पर मुकदमा दर्ज, एक करोड़ से ज्यादा हड़पने का आरोप

**लखनऊ।** विभूतीखंड थाने में सोमवार को तुलसियानी कंपनी में निवेश के नाम पर 1.05 करोड़ रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज किया गया है। रिपोर्ट दिल्ली के जनकपुरी में रहने वाली सोनिया चावला ने कंपनी के पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। इसके अलावा मड़ियांव बसंत विहार के रहने वाले उद्देश तिवारी ने दिल्ली गोविंदपुरी कालोनी के मनोज कुमार दुबे पर धन दोगुना करने के नाम पर 13 लाख रुपये ठगने का आरोप लगाया है।

सोनिया चावला के मुताबिक उनके भाई अमित ओम प्रकाश चावला ने वर्ष 2014 में विभूतीखंड साइबर टावर स्थित तुलसियानी कंपनी में 1.45 करोड़ रुपये निवेश किए थे। कुछ समय के बाद उनको 30 लाख रुपये वापस किए गए। इसके बाद बकाया 1.05 करोड़ रुपये हड़प लिए गए। सोनिया चावला की तहरीर पर विभूतीखंड पुलिस ने इलाहाबाद निवासी मैनेजिंग डायरेक्टर अनिल कुमार तुलसियानी, उनकी पत्नी कविता, डायरेक्टर महेश तुलसियानी, पूर्व डायरेक्टर हेमंत कुमार सिंधी, अनूप कुमार कुशवाहा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

पिछले साल लखनऊ में तीन फ्लैट हो चुके थे सील: निवेशकों के करोड़ों हड़पने के आरोप में डिफाल्टर घोषित हुए तुलसियानी बिल्डर के खिलाफ प्रशासन शिकंजा कसता जा रहा है। निवेशकों का बीस करोड़ बकाया नहीं जमा करने पर प्रशासन ने पिछले साल बिल्डर के तीन फ्लैटों को सील कर दिया था। सुलतानपुर रोड पर अंसल हाउसिंग में तुलसियानी बिल्डर ने कई टावर बनाए थे। निवेशकों के करोड़ों रुपये इन टावरों को खड़ा करने में लगाया गया, लेकिन कई साल बाद कब्जा नहीं दिया गया। निवेशकों ने रेरा में इसकी शिकायत दर्ज करायी थी। इसके बाद रेरा के निर्देश पर ये कार्रवाई की गई।

# दुस्साहस : युवकों ने पुलिस की कार के आगे लगा दी बाइक

## थानाध्यक्ष और इंस्पेक्टर को पीटा, वर्दी फाड़ी

जय हिन्द संवाद

**शामली।** पूर्वी यमुना नहर पटरी मार्ग पर दो युवकों ने गढ़ीपुख्ता थानाध्यक्ष और उनके साथी इंस्पेक्टर के साथ गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट कर दी और वर्दी फाड़ दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों ही आरोपित शराब के नशे में थे। मामले में आदर्श मंडी थाने पर मुकदमा दर्ज किया गया है।



रात गढ़ीपुख्ता थानाध्यक्ष कर्मवीर सिंह और इंस्पेक्टर हरिराज सिंह शामली में अपराध समीक्षा बैठक में शामिल होने के पश्चात निजी कार से गढ़ीपुख्ता थाने जा रहे थे। जब वह पूर्वी यमुना नहर पटरी मार्ग पर मुंडेट की तरफ पहुंचे तो दो युवकों ने कार के आगे बाइक लगा दी। जैसे ही थानाध्यक्ष और इंस्पेक्टर अपनी कार से उतरे तो युवकों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। युवक नशे की हालत में थे। गाली-गलौज का विरोध करने पर युवकों ने मारपीट कर वर्दी फाड़ दी। थानाध्यक्ष कर्मवीर सिंह ने इसकी सूचना आदर्श मंडी थाना पुलिस को दी, जिसके पश्चात आदर्श मंडी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। दोनों आरोपितों को पकड़कर थाने ले आई। गिरफ्तार आरोपितों में विशाल पुत्र मगनपाल निवासी क्वार्टर नंबर 35 टाइप टू पुलिस कालोनी सेक्टर बी चार पाकेट तीन, नरेला उत्तर पश्चिमी दिल्ली तथा झिंझाना थाना क्षेत्र के गांव पिंडोरा जहांगीरपुर निवासी गौरव कुमार पुत्र मगन सिंह हैं। थानाध्यक्ष कर्मवीर सिंह की तरफ से दोनों आरोपितों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, मारपीट कर वर्दी फाड़ने, गाली गलौज सहित गंभीर आरोप लगाए हैं।

## गड्ढों में कोई गिरें या मरें

# मेरठ और आसपास के जिलों में सोया हुआ है सिस्टम

जय हिन्द संवाद

**मेरठ।** सड़कों पर गड्ढों की वजह से वाहनों के पलटने से लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। मेरठ में किशोर व शामली में लड़की की मौत हो चुकी है। सोमवार को पीवीएस माल के सामने शास्त्रीनगर की मुख्य सड़क के जिस गड्ढे में गिरने के बाद किशोर की मौत हो गई थी। उस गड्ढे को भरने में मंगलवार को भी नगर निगम ने तेजी नहीं दिखाई। उसके बाद स्थानीय लोगों ने ही इसे भरा।

सिस्टम किस कदर सोया हुआ है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर सांसद राजेंद्र अग्रवाल रहते हैं और कुछ ही दूरी पर सूबे के ऊर्जा राज्यमंत्री डा. सोमेंद्र तोमर का आवास भी है। नगर निगम के निर्माण अनुभाग के इंजीनियरों ने मंगलवार दोपहर में टीम भेजी थी। इससे पहले ही लोगों ने यह गड्ढा भर दिया था।




इसके बाद निगम की टीम ने तेजगढ़ी चौराहे से एल ब्लाक तिराहे तक गड्ढे भरे। निर्माण अनुभाग के अवर अभियंता पदम सिंह का दावा है कि करीब 15 गड्ढे भरे गए हैं। शामली। कहने को शामली जिला है, लेकिन यहां की सड़कों पर गांवों जैसी हैं। अब चाहे राष्ट्रीय राजमार्ग हो या स्टेट हाईवे, सभी पर अनगिनत गड्ढे हो गए हैं। पता नहीं चलता कि सड़कों में गड्ढे हैं, या फिर गड्ढों में सड़क है। अधिकारियों की लापरवाही का आलम यह है कि लगातार होते हादसों के बावजूद सड़कों को गड्ढामुक्त नहीं किया जा रहा है। सालभर में सौ से ज्यादा लोगों की जान हादसों में जा रही हैं।

# घर की लड़ाई सड़क पर आई महिला को पति ने जड़े थप्पड़

## ससुर को पीटा, एसएसपी मेरठ ने दिए कार्रवाई के आदेश

जय हिन्द संवाद

**मेरठ।** काउंसलिंग से लौट रही पत्नी व उसके पिता से युवक ने अपने परिवार के लोगों के साथ मिलकर सड़क पर मारपीट शुरू कर दी। आरोपित युवक ने ससुर की जमकर पिटाई की और बीच-बचाव करा रही पत्नी को कई थप्पड़ जड़ दिए। हंगामा होते देख आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। उन्होंने हमलावरों को पकड़ने का प्रयास किया तो वे धमकी देते हुए फरार हो गए।



जानी थाना क्षेत्र के ग्राम सिवालखास निवासी अब्दुल जब्बार ने अपनी बेटी अंजुम की शादी दो साल पहले सरधना थाना क्षेत्र के ग्राम खिर्वा निवासी आबिद से की थी। आबिद पशुओं की खरीद-फरोख्त करता है। दंपती के एक बेटी है, जो अंजुम के पास रहती है। आरोप है कि शादी के कुछ दिनों तक तो ससुरालियों ने विवाहिता को ठीक रखा।

उसके बाद ससुरालियों ने परेशान करना शुरू कर दिया। कई बार अब्दुल व उसके परिवार के लोगों ने आबिद को समझाने की कोशिश की, लेकिन उसने परेशान करना बंद नहीं किया। जिस वजह से विवाहिता अपने घर आ गई।

बुधवार को विवाहिता अपने पिता के साथ पुलिस लाइन में चल रही काउंसलिंग में आई थी। तभी उसकी आबिद से बहस हो गई। आरोप है कि अंबेडकर चौराहे के पास आबिद ने शाहिद व शफीक के साथ मिलकर पिता-पुत्री की पिटाई कर दी। घटना के बाद विवाहिता रोते हुए कप्तान ऑफिस पहुंची और आपबीती सुनाई। एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने सिविल लाइन थाना प्रभारी उपेंद्र मालिक को मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने के आदेश दिए हैं।

## दो मंजिला मकान गिरा पड़ोसी के भवन को नुकसान



जय हिन्द संवाद

**सहारनपुर।** हाईवे अकाल मौत की बड़ी वजह बन चुके हैं। जिले में पीडब्ल्यूडी के तहत कुल 1,065 मार्ग हैं। इसके साथ ही दो स्टेट हाईवे भी पीडब्ल्यूडी के तहत हैं। पहला स्टेट हाईवे दिल्ली वाया सहारनपुर यमुनोत्री है, जबकि दूसरा देवबंद वाया नानौता मंगलौर है। सहारनपुर की सीमा में होकर फिलहाल तीन नेशनल हाईवे गुजरते हैं। एक दिल्ली-सहारनपुर, दूसरा सहारनपुर-देहरादून और तीसरा सहारनपुर-अंबाला है। इन तीनों हाईवे पर गड्ढों की भरमार होने से हादसे निरंतर बढ़ रहे हैं। बढ़ता जा रहा हादसों में मौत का आंकड़ा नेशनल और स्टेट हाईवे पर पिछले एक माह के दौरान 22 से अधिक मौत हो चुकी है। तीन दुर्घटनाएं अलग-अलग हाईवे पर हुई। दिल्ली-यमुनोत्री हाईवे और स्टेट हाईवे लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। यदि पिछले आठ सालों की बात करें तो जिले में ही करीब 1240 से ज्यादा मौतें हाईवे पर हादसों में हुई। पिछले एक महीने में हादसे सहारनपुर के दिल्ली-यमुनोत्री हाईवे पर एक माह में 22 लोगों की मौत हो चुकी है।

# मोहन भागवत के खिलाफ दाखिल अर्जी खारिज

## छह साल पुराना मामला

जय हिन्द संवाद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के खिलाफ दाखिल क्रिमिनल रिवीजन अर्जी को सत्र अदालत ने खारिज कर दिया है। इस क्रिमिनल रिवीजन अर्जी में निचली अदालत के आदेश को चुनौती दी गई थी। एडीजे विनय सिंह ने निचली अदालत के आदेश को वाजिब करार दिया है। 25 जुलाई, 2016 को निचली अदालत ने मोहन भागवत के खिलाफ दाखिल परिवाद को खारिज कर दिया था। निचली अदालत में यह परिवाद ब्रहमेंद्र सिंह मौर्य ने दाखिल किया था। परिवाद में मोहन भागवत के साथ ही संघ के तत्कालीन सचिव तथा बप्पा रावल की संपादक डा. राधिका लढ़ा के खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मुकदमा चलाने की मांग की गई थी।

परिवादी ब्रहमेंद्र का कहना था कि 23 जून, 2016 को उदयपुर के एक अखबार में यह समाचार प्रकाशित हुआ था कि संघ परिवार की नजर में अकबर के बाद अब सम्राट अशोक खलनायक और बौद्ध राष्ट्रद्रोही हैं। 24 जून को उसने यह लेख अपने व्हाट्सएप पर आए मैसेज में पढ़ा था। इसे पढ़कर उसकी भावनाओं को काफी धक्का लगा व समाज की भावनाएं भी आहत हुई हैं। निचली अदालत ने परिवाद को ग्राह्यता के स्तर पर ही यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि मोबाइल पर आए मैसेज से उत्पन्न अपराध इस अदालत के क्षेत्राधिकार में नहीं आता है।



गोमती रिवर फ्रंट घोटाला मामले में वांछित ब्रांड ईगल लोंगिजन जेवी के वरिष्ठ सलाहकार बद्री श्रेष्ठा की अग्रिम जमानत अर्जी सीबीआइ की विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। विशेष जज अजय विक्रम सिंह ने अभियुक्त के अपराध को गंभीर करार देते हुए कहा है कि मामला 285 करोड़ 69 लाख के कार्य से संबधित है।16 फरवरी, 2021 को सीबीआइ ने इस मामले में अभियुक्त बद्री श्रेष्ठा के साथ ही सिचाई महकमे के तत्कालीन अधीक्षण अभियंता रुप सिंह यादव, कनिष्ठ सहायक राज कुमार यादव तथा केके स्पन पाइप प्राइवेट लिमिटेड व इसके निदेशक हिमांशु गुप्ता व कविश गुप्ता के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। सीबीआइ ने अभियुक्तों को धोखाधड़ी, जालसाजी व भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं में आरोपित किया है। नौ मई, 2022 को अदालत ने आरोप पत्र पर संज्ञान लेते हुए अभियुक्त बद्री श्रेष्ठा को समन जारी करने का आदेश दिया था।

30 नवंबर, 2017 को सीबीआइ ने इस मामले की एफआइआर दर्ज कर जांच शुरु की थी। गोमती रिवर फ्रंट के निर्माण कार्य से जुड़े इंजीनियरों पर दागी कम्पनियों को काम देने, विदेशो से महंगा सामान खरीदने, चैनलाइजेशन के कार्य में घोटाला करने, नेताओं और नौकरशाहों के विदेशी दौरे में फिजुलखर्ची करने सहित वित्तीय अनियमितता व मानक के अनुरुप कार्य नहीं करने का आरोप है।

# आजम खान पर कोर्ट में आरोप तय



जय हिन्द संवाद

**लखनऊ।** मानहानि व विभिन्न समुदायों के बीच शत्रुता पैदा करने का प्रयास करने के मामले में एमपी-एमएलए की विशेष मजिस्ट्रेट कोर्ट ने अभियुक्त मो. आजम खान पर आरोप तय कर दिया है। बुधवार को अदालत के समक्ष पूर्व काबीना मंत्री व सपा विधायक मो. आजम खान हाजिर थे। विशेष एसीजेएम अम्बरीष कुमार श्रीवास्तव ने अभियोजन साक्ष्य के लिए चार नवंबर की तारीख तय की है। सहायक अभियोजन अधिकारी सोनू सिंह राठौर के मुताबिक एक फरवरी, 2019 को इस मामले की रिपोर्ट आल इंडिया मुस्लिम काउंसिल के अल्लामा जमीर नकवी ने दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक मो. आजम खान ने मंत्री रहते हुए अपने लेटर हेड व सरकारी मोहर का दुरुपयोग कर भाजपा, आरएसएस व मौलाना सैय्यद कल्बे जव्वाद नकवी को मीडिया में बदनाम किया। राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छवि धूमिल कर इनकी मान और प्रतिष्ठा को आघात पहुंचाया। अपने मनगढंत बयानों से विभिन्न समुदायों के बीच शत्रुता पैदा करने का प्रयास किया। विवेचना के पश्चात आजम खान के विरुद्ध आइपीसी की धारा 500 व 505 (2) के तहत आरोप पत्र दाखिल हुआ था। सपा शासन के दौरान जलनिगम महकमे में करीब 1300 पदों पर हुई भर्ती घोटाला मामले में भी अभियुक्त आजम खान बुधवार को सीबीआइ की विशेष अदालत में हाजिर हुए। इस भर्ती घोटाला के दौरान आजम खान उप्र जलनिगम के अध्यक्ष हुआ करते थे।

# एमिटी में मनाया जा रहा 'इनोवेशन वीक 2022'

## कार्यक्रम में शोध एंव नवाचार पर परिचर्चा सत्रों का हुआ आयोजन

जय हिन्द संवाद




**नोएडा।** देश के पूर्व राष्ट्रपति डा ए पी. जे अब्दुल कलाम के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए उनकी जयंती पर एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी सांइस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फांउडेशन द्वारा शिक्षा मंत्रालय इनोवशेन सेल के तहत स्थापित इंस्टीटयूशनस इनोवेशन काउंसिल के सहयोग से 11 और 12 अक्टूबर को शोध एंव नवाचार पर परिचर्चा सत्रों का आयोजन किया गया। जिसमें देश के प्रख्यात वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों, अकादमिकों ने छात्रों को शोध एवं नवाचार के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अनुसंधान के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में वित्त पोषण के अवसर पर चर्चा कर किया गया ।

जिसमें विज्ञान और तकनीकी मंत्रालय के साइंस एंड इंजिनियरिंग रिसर्च बोर्ड के वैज्ञानिक डा. राजीव कुमार महाजन, विज्ञान और तकनीकी मंत्रालय के तकनीकी विकास बोर्ड के वैज्ञानिक (एफ) डा वी के राय, बायोतकनीकी विभाग के वैज्ञानिक (एच) डा. संजय कुमार मिश्रा, डीआरडीओं के ईआर एंड आईपीआर के निदेशक डा शिव कुमार, विज्ञान और तकनीकी विभाग के वैज्ञानिक (एफ) प्रवीन रॉय, एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष डा. अशोक कुमार चौहान, एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा. बलविंदर शुक्ला ने विचार व्यक्त किये।

इस परिचर्चा सत्र की अध्यक्षता एमिटी फांउडेशन फॉर सांइस, टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन एलायंस के डिप्टी डायरेक्टर जनरल डा. नीरज शर्मा ने की।

एमिटी शिक्षण समूह के संस्थापक अध्यक्ष डा. कुमार चौहान ने कहा कि एमिटी सदैव अनुसंधान और नवाचार पर बहुत जोर देकर सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिक और शोधकर्ता के निर्माण करनें में विश्वास रखती है।

# दुष्कर्म करने वाले दोषी को 20 साल की सजा

जय हिन्द संवाद



**नोएडा।** जिला न्यायालय ने छह साल की बच्ची से दुष्कर्म करने के दोषी को 20 साल कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 50 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। जुमार्ना की रकम जमा नहीं करने पर एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। केस की सुनवाई न्यायालय अपर सत्र/विशेष न्यायाधीश (पोक्सो द्वितीय) चंद्र मोहन श्रीवास्तव ने की।

विशेष लोक अभियोजन अधिकारी जेपी भाटी ने बताया कि 12 नवंबर 2019 को पीडिता के पिता ने दनकौर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था कि पडोसी युवक विवेक ने उनकी छह साल की बच्ची को अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बच्ची आरोपी को मामा कहती थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेक को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने इस मामले में विवेक के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया था। केस की सुनवाई के दौरान कुल 11 गवाह पेश हुए। अदालत ने विवेक को दोषी मानते हुए 20 साल की सजा सुनाई है। इस मामले में सरकारी वकील ने अदालत को बताया कि दोषी ने पीडिता के साथ अत्यंत घृणित एवमं जघन्य प्रकृति का सामाजिक अपराध कारित किया।

# आईएमएस ने टेबल टेनिस प्रतिस्पर्धा का आयोजन

जय हिन्द संवाद



**नोएडा।** इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) नोएडा में टेबल टेनिस प्रतिस्पर्धा का आयोजन हुआ। संस्थान द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ आईएमएस की निदेशिका डॉ. कुलनीत सूरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं संस्थान की ओर से पुरुष और महिला वर्ग के लिए अलग-अलग प्रतियोगिता आयोजित की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए आईएमएस की निदेशिका डॉ. कुलनीत सूरी ने कहा कि छात्रों के समग्र विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों का समावेश होना जरूरी है। खेलकूद एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों से छात्रों को सफलता के साथ जीवन जीने का प्रशिक्षण मिलता है। उन्होंने कहा कि इस दो दिवसीय प्रतिस्पर्धा में महिला वर्ग में सोनम आरा ने श्रेया मिश्रा को हराकर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं पुरुष वर्ग में 15 मुकाबले खेले गए, जिसमें एमसीए छात्र विवेक जोशी ने बीए.एलएलबी के छात्र शिवम को हराकर मुकाबला अपने नाम किया। इस दो दिवसीय प्रतिस्पर्धा के सेमी फाइनलिस्ट पुरुष वर्ग में ऋषभ ठाकुर एवं हर्ष शर्मा बने, वहीं महिला वर्ग में सेमी फाइनलिस्ट के लिए बीबीए की पलक शर्मा एवं बीए.एलएलबी की रीना रॉय को चयनित किया गया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

**नोएडा ।** थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के चौगानपुर गांव के पास अज्ञात वाहन चालक ने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर ड्यूटी से घर लौट रहे एक साइकिल सवार को टक्कर मार दी जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना ईकोटेक 3 के थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि अज्ञात वाहन चालक ने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर ग्राम चौगानपुर के पास सडक पर जा रहे एक व्यक्ति की साइकिल में टक्कर मारकर उसे घायल कर दिया। घायल को अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई।

# एनटीपीसी दादरी ने मनाया बालिका दिवस

जय हिन्द संवाद



**ग्रेटर नोएडा।** बालिकाओं की व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वास्थ्य विषय पर हुई गोष्ठी

धौलाना। ग्राम बिसाहडा में एनटीपीसी दादारी के कारपोरेट सामाजिक दायित्व के तत्वाधान राणा संग्राम सिंह इंटर कॉलिज बिसाह?ा में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया। कार्यक्रम में बालिकाओं की व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वास्थ्य विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया।

एनटीपीसी दादरी अस्पताल की डा आर शी सान्याल ने बालिकाओं को स्वस्थ एवं प्रसन्न जीवन के लिए उनसे शारीरिक साफ-सफाई रखने और स्वच्छता अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में इंटर कालिज की 150 बालिकओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अंत में बालिकाओं के बीच सेनिटरी नैपकिन भी वितरित किये गये।

कालिज के उप-प्रधानाचार्य ने एनटीपीसी दादरी की प्रशंसा करते हुए कहा कि एनटीपीसी हमारे लिए एक वरदान समान है, जो समय समय पर हमारे कालिज के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कराते रहते है। कार्यक्रम में महाप्रबंधक मानव संसाधन वी शिवाप्रसाद, उप महाप्रबंधक सीएसआर ए के घिल्डियाल, कार्यपालक सीएसआर निधि मेहरा सहित स्कूल के प्रधानाचार्य एवं अध्यापकगण उपस्थित रहे।

महापौर आशा शर्मा ने किया 30 एचपी पम्प का भूमि पूजन, बोलीं

# वसुंधरा सेक्टर-1 में अब सभी को मिलेगा जल

जय हिन्द संवाद

**गाजियाबाद ।** पार्षद मंजू त्यागी के वार्ड 54 वसुंधरा सेक्टर 1 एलआईजी आरडबल्यूए के तत्वाधान में गाजियाबाद की महापौर आशा शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शहीद भगत सिंह पार्क में नारियल फोडकर 30 एच पी पम्प का शुभारंभ किया,पार्षद मंजु त्यागी विशिष्ट अतिथि रहीं।

महापौर आशा शर्मा ने बताया कि लगातार स्थानीय लोगों के द्वारा बार बार घर घर पानी नहीं पहुंचने की समस्या बताई जा रही थी जिसको लेकर नगर निगम द्वारा 30 एचपी के पम्प को पास कराकर आज कार्य शुरू कराया गया है और जल्द ही कार्य पूर्ण होकर सेक्टर 1 के सभी लोगो के घरों में भरपूर पानी मिलेगा।

ट्रांस हिंडन आर डबल्यूए फेडरेशन के अध्यक्ष कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि वसुंधरा सेक्टर 1 में लंबे समय से पानी की किल्लत झेलनी पड रही थी।

लगभग 6 माह पूर्व आरडबल्यूए द्वारा 30 एच पी की मांग की गई थी जिसका टेंडर आदि पूर्ण होने के उपरांत आज कार्य आरंभ हुआ। पम्प लगने से गंगाजल सप्लायी बाधित होने पर इस पम्प से कॉलोनी को जल आपूर्ति की जाएगी।

इस अवसर पर आर डबल्यू ए अध्यक्ष अनिल चौधरी, उपाध्यक्ष के एस बिष्ट, महासचिव डी पी सिंह, संयुक्त सचिव ऋचा त्यागी, कोषाध्यक्ष सुषमा बघेल, जे पी सिंह, दानिश चतुवेर्दी, उर्मिला शर्मा, प्रीति माथुर, नीलम वर्मा, सविता यादव, मधु संधू, मीनू बोहरा, मीना कुशवाहा, मनीषा वशिष्ठ आदि मौजूद रहे।

# उपकरण पाकर खिले दिव्यांग छात्रों के चेहरे

जय हिन्द संवाद



**दादरी।** बैसिक शिक्षा विभाग द्वारा संविलियन विद्यालय सादोपुर में समग्र शिक्षा अभियान में समेकित शिक्षा के अंतर्गत जिले के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत शारीरिक व मानसिक रूप से अक्षम छात्र छात्राओं को ट्राई साईकल ,व्हील चेयर, कैलिपर, ब्रेल किट, श्रवण यंत्र इत्यादि उपकरणों का वितरण किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे जिले की बैसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी उपस्थित रही। कार्यक्रम की अध्य्क्षता खण्ड शिक्षा अधिकारी अजहर आलम ने की व कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संघ के प्रवक्ता भूपेन्द्र नागर ने किया।कार्यक्रम में लगभग 50 दिव्यांग छात्रों को उपकरण वितरित किये गए। उपकरण पाकर सभी छात्र बहुत खुश नजर आए।

शिक्षक भूपेन्द्र नागर ने बताया कि समग्र शिक्षा अभियान के तहत शारीरिक व मानसिक रूप से अक्षमता वाले छात्रों को मुख्य धारा से जोडने हेतु व उनको शिक्षा प्रदान करने हेतु समेकित शिक्षा के अंतर्गत ऐसे छात्रों को घर-घर जाकर शिक्षकों द्वारा शिक्षा प्रदान की जा रही है। इसी के साथ गम्भीर श्रेणी के दिव्यांग छात्रों को 6 हजार रुपये व निम्न दिव्यांग श्रेणी के छात्रों को 2 हजार रुपये स्कॉलरशिप भी विभाग द्वारा दी जा रही है।

इस अवसर पर जिला समन्वयक अरविंद पाठक, शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेन्द्र नगर, ग्राम प्रधान नगेन्द्र बैसोया, प्रधानाध्यापक जगवीर शर्मा, प्रिंसिपल कविता शर्मा, समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जगवीर नम्बरदार व जिला प्रवक्ता रोहित बैसोया, निरंकार सिंह, नरेश खारी, मनोज नागर, कुलदीप नागर, पूजा, मीनाक्षी, मधुसूदन, राजकुमारी, रेनू शर्मा, ममता सिंह, विनीत प्रधान आदि लोगो की उपस्थिति रही।

## रवनीत ओबेरॉय द्वारा निर्देशित द स्टोरी ऑफ़ ए बॉक्स कैमरा

**नई दिल्ली।** फ्रेंच फ्राइज़ फिल्म्स ने अपने यूट्यूब चैनल 'फ्रेंच फ्राइज़ फिल्म्स' पर अपनी लघु वृत्तचित्र फिल्म, द स्टोरी ऑफ ए बॉक्स कैमरा, रवनीत ओबेरॉय द्वारा निर्देशित जारी की।



फिल्म टीकम चंद और उनके 160 साल से अधिक पुराने कैमरे की कहानी को कवर करती है, जो इसका उपयोग जयपुर में हवा महल के पास चित्रों को कैप्चर करने के लिए करता है। यह कैमरा अभी भी काम कर रहा है और पूरी दुनिया में लोगों को मंत्रमुग्ध कर रहा है।

# ग्रेटर नॉएडा के गाँवों के लिए पर्याप्त नहीं सार्वजानिक शौचालय: नोवरा

जय हिन्द संवाद

**ग्रेटर नॉएडा।** नोएडा की सीईओ ऋतू माहेश्वरी के ग्रेटर नोएडा का भी अतिरिक्त सीईओ का चार्ज मिलने से वहां भी स्वच्छता सम्बन्धी सुविधाओं में बढोतरी की उम्मीद जगी है, लेकिन अभी भी नोएडा से वह काफी पीछे है, नोएडा विलेज रेसिडेंट्स एसोसिएशन (नोवरा ) द्वारा नोएडा की कीमत पर ग्रेटर नोएडा के गाँवों में भी सार्वजानिक शौचालय बनाने की मांग संस्था ने कई बार उठाई है , लेकिन नॉएडा में जहाँ इस पर तेजी से काम हो रहा है वहीँ ग्रेटर नॉएडा , जहाँ नॉएडा से भी ज्यादा गाँव हैं उनके 500 मीटर की परिधि में अबतक मात्र 19 सार्वजानिक शौचालय बने हैं , यह जानकारी ग्रेटर नॉएडा प्राधिकरण ने समाजसेवी एवं नोवरा अध्यक्ष रंजन तोमर को दी गई। आरटीआई के जवाब में प्राधिकरण ने बताया है की ब्रह्मपुर गजरौला नवादा के पास 2 , रामपुर जागीर के पास 2, जिसमें एक पिंक टॉयलेट (महिलाओं के लिए ) है , तुगलपुर के पास 3 जिसमें से 2 पिंक टॉयलेट हैं , बल्ला के पास 1,सूरजपुर के पास 2 जिनमें एक पिंक टॉयलेट है , मलकपुर के पास 1, हल्दौना के पास 1 ,तुगलपुर के पास 2 जिनमें 1 पिंक टॉयलेट है, नमोली के पास 1 ,बिसरख के पास 1 और कासना के पास 2 जिनमें एक पिंक टॉयलेट है।

नोवरा अध्यक्ष रंजन तोमर ने कहा की ग्रेटर नॉएडा को वैश्विक मापदंड पर स्थापित करने के लिए यहाँ के गाँवों में या उनके नजदीक सार्वजानिक शौचालय होने आवश्यक हैं , शौचालय एक ही गाँव के नजदीक हैं तो बहुत से गाँव इनसे अछूते हैं , नोवरा इस बाबत सीईओ से बात करेगी और सार्वजानिक शौचालयों को बढाने की मांग करेगी जो गाँवों के नजदीक हो।

## भाजपा नेता ने किया ब्यूटी पार्लर का शुभारंभ

**गाजियाबाद ।** इंदिरापुरम की सबसे बडी सोसाइटी एटीएस एडवांटेज में आईकॉनिक ब्यूटी पार्लर का उद्घाटन भाजपा नेता एवं गाजियाबाद बिल्डर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने किया। आईकॉनिक ब्यूटी पार्लर की संचालिका सीमा गर्ग ने बताया इस ब्यूटी पार्लर में तमाम तरह की सुविधाएं उपलब्ध हैं।

पुरुष और महिलाएं अपने सौंदर्य से संबंधित जो भी कार्य हैं वह हमारी ब्यूटी पार्लर में संतोषजनक तरीके से कराए जाते हैं आने वाला समय त्यौहारी है।

हमारी ब्यूटी पार्लर में करवा चौथ के लिए विशेष पैकेज रखा गया है।

# दो पक्षों में मारपीट, चल रहा जमीनी विवाद

**दोनों तरफ से दर्ज कराए गए मुकदमे, दोनों हिरासत में**



**नोएडा ।** थाना ईकोटेक 3 क्षेत्र के अंतर्गत गढी शहदरा में रहने वाला भाजपा नेता और एक अन्य में जहां पहले से ही जमीनी विवाद चला आ रहा है। अब किसी बात को लेकर दोनों में मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों तरफ से मुकदमा दर्ज कर दोनों को हिरासत में लिया है।

थाना ईकोटेक के थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि नवीन भाटी जो कि भाजपा नेता बताया जाता है। उसने गढी शहदरा रहने वाले अभिषेक उर्फ जोनू भडाना के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया। वहीं दूसरी तरफ से अभिषेक उर्फ जोनू ने भी भाजपा नेता नवीन भाटी के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया, थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों की पुरानी जमीनी विवाद चल रहा है। अब किसी बात को लेकर दोनों में मारपीट हुई। जब दोनों नहीं माने तो पुलिस ने दोनों को हिरासत में लिया है।

**गस्ती तलाश गुमशुदा**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि श्रीमति श्यामवती पत्नी स्वर्गीय शंकर निवासी भोला कालोनी सूरजपुर हाल पता 24 फुटा रोड तुलसी विहार कालोनी दादरी ने थाना हाजिर आकर एक किता प्रार्थना पत्र बाबत खुद की पुत्री आरजू उम्र 36 वर्ष पत्नी स्वर्गीय सुरेन्द्र निवासी गाँव पल्ला थाना दादरी जो दिनांक 16.05.2022 को अपनी ससुराल गाँव पल्ला सुबह 10 बजे पहुंची थी उसके 20 मिनट बाद उसका फोन बंद हो गया फिर उसके बाद आरजू का कोई पता नहीं चला। उक्त के संबंध में आरजू उपरोक्त की गुमशुदगी थाना हाजा पर रपट संख्या 005 दिनांक 20.05.2022 समय 01:35 बजे अंकित है। उक्त गुमशुदा की जांच में तथ्य स्पष्ट न होने की दशा में उक्त गुमशुदगी को मुकदमा अपराध संख्या 339/22 धारा 364 आईपीसी में तरमीम किया गया, जिसकी विवेचना मुझ विवेचक द्वारा संपादित की जा रही है, गुमशुदा आरजू ने काले रंग का सूट सलवार तथा पैरों में सैंडल पहने है। आँख, नाक, कान, कद, औसत लंबाई 5 फीट 2 इंच रंग गोरा उक्त गुमशुदा के संबंध में किसी व्यक्ति को कोई भी सूचना प्राप्त होती है। तो थाना दादरी ग्रेटर नोएडा गौतम बुद्ध नगर को सूचित करने की कृपा करें।

**अनूप दीक्षित ( उपनिरीक्षक )**
**थाना दादरी ग्रे0 नोएडा**
**जनपद गौतम बुद्ध नगर**
**मो0- 8595902660**

**प्रभारी निरीक्षक थाना**
**दादरी ग्रे0 नोएडा जनपद**
**गौतमबुद्ध नगर**
**मो0- 8595902549**

# विदेशी सिगरेट की तस्करी करने वाले गिरफ्तार

## 30 हजार से अधिक विदेशी सिगरेट बरामद, कीमत डेढ करोड रुपए

जय हिन्द संवाद




**नोएडा।** एसटीएफ फील्ड इकाई गौतम बुध नगर द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक ट्रक में भरकर लाई जा रही। विदेशी सिगरेट के साथ दो तस्करों को चेकिंग के दौरान पिलखुआ टोल पर गिरफ्तार किया। उनके पास से तलाशी के दौरान ट्रक से 30 हजार दो सौ विदेशी सिगरेट बरामद किए हैं ।जिनकी कीमत डेढ करोड बताई गई है।

एसटीएफ गौतम बुध नगर फिल्ड इकाई के अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मिश्रा के नेतृत्व में टीम ने मुखबिर की सूचना पर ट्रक में भरकर लाई जा रही, विदेशी सिगरेट के साथ रवि गिरी पुत्र इंदर गिरी निवासी ग्राम ततारपुर थाना नरवासा जनपद संभल और मुजम्मिल पुत्र सलीम निवासी मोहल्ला विजयवाडा कस्बा सिकंदराबाद जिला बुलंदशहर को गिरफ्तार किया।

इनकी गिरफ्तारी रामा मेडिकल कॉलेज के पास वासु फार्म के सामने थाना पिलखुवा जनपद हापुड में की गई। ये विदेश से सामान की आढ में अन्य लोगों की मिलीभगत से ट्रांसपोर्टर की आड में काफी दिनों से विदेशी सिगरेट की तस्करी कर रहे थे और आसपास के क्षेत्र में सप्लाई करते थे। पुलिस इनके अन्य साथियों की भी तलाश कर रही है जो इन्हें सहयोग देते थे।

# युवक ने पंखे से फंदा लगाकर की आत्महत्या

जय हिन्द संवाद



**नोएडा।** थाना फेस 3 छेत्र के मामूरा गांव में रहने वाले एक व्यक्ति ने देर रात्रि में अपने घर में पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना पुलिस को महिला ने दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है।

थाना फेस 3 के थाना प्रभारी विजय कुमार गौतम ने बताया कि मामुरा गांव में रहने वाली आशा ने पुलिस को सूचना दी, कि उसके पति संतोष ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली है।

वह घर से बाहर गई हुई थी, तभी उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है महिला ने पुलिस को बताया कि उसका पति शराब पीने का आदी था और उसने यह कदम उठाया। वही महिला का करवा चौथ से पहले ही सुहाग उजड गया। उसे पति की आयु के लिए करवा चौथ का व्रत रखने का मौका भी नहीं मिला। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है।

**गस्ती तलाश गुमशुदा**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि दिनाँक 14/05/2022 को कुमारी पूजा पुत्री श्री गंगाराम निवासी ग्राम करई जरीफनगर बदायूं उत्तर प्रदेश हाल पता ग्राम पल्ला थाना दादरी जनपद गौतम बुद्ध नगर जो बिना बताए घर से कही चली गई है, जो अभी तक वापस नहीं आई हैं। जिसने नीला सूट, नीली पाजामी पहने हुए है, जिसका कद 05 फुट 01 इंच, इकहरा शरीर रंग सांवला है। जिसकी उम्र 17 वर्ष है। इस संबंध में लड़की के पिता की तहरीर पर थाना दादरी पर मु0अ0सं0- 282/22 धारा 363 IPC पंजीकृत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त सम्बंध में कोई सूचना प्राप्त होती है, तो थाना दादरी ग्रेटर नोएडा गौतम बुद्ध नगर को सूचित करने की कृपा करें।

**अनूप दीक्षित ( उपनिरीक्षक )**
**थाना दादरी ग्रेटर नोएडा**
**जनपद गौतम बुद्ध नगर**
**8595902658**

**प्रभारी निरीक्षक**
**थाना दादरी ग्रेटर नोएडा**
**जनपद गौतम बुद्ध नगर**
**8595902549**

# अंतरिक्ष में कब्जा करने की तैयारी कर रहा ड्रैगन

## ब्रिटेन के खुफिया अधिकारी बोले- सैटेलाइट गिराने के हथियार बना रहा चीन



**नई दिल्ली।** रूस की आक्रामकता से दुनिया परेशान है। इस बीच, ब्रिटेन की खुफिया एजेंसी ने चेतावनी दी कि इस दौर में रूस नहीं, बल्कि चीन सबसे बड़ा खतरा है। उसका प्रभाव नई तकनीकों जैसे डिजिटल करंसी में बढ़ रहा है। चीन इनका इस्तेमाल अपनी आबादी, पड़ोसियों और देनदारों पर नियंत्रण के लिए कर सकता है।
ब्रिटिश खुफिया एजेंसी जीसीएचक्यू के प्रमुख सर जेरेमी फ्लेमिंग ने बताया- चीन अंतरिक्ष में अपनी ताकत बढ़ाने में लगा हुआ है। वह अंतरिक्ष में कब्जा करने के लिए स्टार वार्स फिल्म की तरह हथियार बना रहा है। उसके बायडू सैटेलाइट के नेटवर्क का इस्तेमाल किसी को भी, कहीं भी ट्रैक करने के लिए किया जा सकता है।
फ्लेमिंग ने चेतावनी देते हुए कहा कि रूस और चीन दोनों ही देशों के पास एंटी सैटेलाइट हथियार हैं। ये सैटेलाइट मिसाइल की तरह हैं, लेकिन चीन अब लेजर सिस्टम पर काम कर रहा है। इनके जरिए संचार, निगरानी और जीपीएस सैटेलाइट को बर्बाद किया जा सकता है। अगर सैटेलाइट को नष्ट कर दिया गया, तो मिसाइलें टारगेट का पता नहीं लगा सकेंगी। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन को चीन की वैश्विक तकनीकी प्रभुत्व पर अंकुश लगाने के लिए कठोर कार्रवाई की जरूरत है। फ्लेमिंग ने कहा, चीनी नेतृत्व का मानना है कि उनकी ताकत और अधिकार एक पार्टी सिस्टम से आती है। इसका मतलब है कि वे अपने नागरिकों की क्षमता का समर्थन करने की बजाय चीनी लोगों पर नियंत्रण के अवसर देखते हैं। उन्होंने कहा- चीन को लोकतंत्र और फ्री स्पीच से डर लगता है। इसमें आश्चर्य नहीं है कि जब चीन के लोग उन्नत अर्थव्यवस्था के लिए काम कर रहे थे, तब पार्टी ने अपने संसाधनों का इस्तेमाल कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानूनों और सर्विलांस के लिए किया।

# रूसी एस्ट्रोनॉट ने ठगे 24 लाख रुपए

## *जापानी महिला से बोला- स्पेस स्टेशन से वापस आने के लिए पैसे चाहिए, पृथ्वी पर लौटते ही शादी करूंगा*



**नई दिल्ली।** जापान कि एक महिला के साथ हुआ फ्रॉड इन दिनों सुर्खियों में है। एक आदमी ने अंतरिक्ष यात्री बनकर महिला से 24 लाख रुपए ले लिए। पैसे देने के बाद महिला को समझ आया की उसके साथ ठगी हुई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, जापान के शिगा प्रांत की रहने वाली 65 साल की महिला की मुलाकात सोशल मीडिया पर एक शख्स से हुई। उसने अपने आप को रूसी एस्ट्रोनॉट बताया और अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अंतरिक्ष से जुड़ी कुछ फोटोज पोस्ट कीं। प्रोफाइल देखकर महिला इम्प्रेस हो गई उसके जाल में फंस गई। दोनों के बीच बातचीत होने लगी। कुछ वक्त बाद शख्स ने महिला से शादी करने की बात कही। शख्स ने बताया कि वो इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में काम करता है और महिला से शादी करना चाहता है। महिला का विश्वास जीतने के बाद शख्स ने उससे पृथ्वी पर वापस आने के लिए पैसे मांगे। उसने कहा कि पृथ्वी पर आने के लिए लैंडिंग फीस लगती है। इसके लिए उसे पैसों की जरूरत है। महिला को शख्स पर भरोसा था इसलिए उसने 19 अगस्त से 5 सितंबर के बीच 5 किश्तों में पैसे भेजे। लेकिन पैसों की डिमांड बढ़ती गई। इसके बाद महिला को शक हुआ। उसने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। लोकल मीडिया के मुताबिक, पुलिस इसे इंटरनेशनल रोमांस स्कैम के रूप में देख रही है। इस मामले की जांच की जा रही है।

# रूस ने फिर दी यूक्रेन पर परमाणु हमले की धमकी

## रूसी विदेश मंत्री बोले- हम अपनी रक्षा के लिए परमाणु हथियार दागने से नहीं रुकेंगे



**नई दिल्ली।** रूस-यूक्रेन जंग के बीच रूस ने फिर यूक्रेन पर परमाणु हमले की धमकी दी है। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने मंगलवार को कहा कि हमारा परमाणु हमला करने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन अगर हम पर हमला होता है तो हम अपनी हिफाजत के लिए परमाणु हथियारों का उपयोग करने से पीछे नहीं हटेंगे। एक इंटरव्यू में उन्होंने अमेरिका व अन्य पश्चिमी देशों पर परमाणु हमले की झूठी अफवाह फैलाने का आरोप लगाया।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने भी कुछ दिनों पहले पश्चिमी देशों पर 'न्यूक्लियर ब्लैकमेल' का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि नोटा के कुछ बड़े नेता रूस के खिलाफ एटमी हथियार इस्तेमाल करने की धमकी दे रहे हैं। तब पुतिन ने कहा था कि अगर पश्चिमी देश हमें परमाणु हथियारों के इस्तेमाल को लेकर ब्लैकमेल करेंगे तो रूस भी अपनी पूरी ताकत से जवाब देगा। हम अपने देश की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। इसके लिए पुतिन ने सेना के मोबिलाइजेशन को लेकर एक डिक्री पर साइन किया है।

यूक्रेन के ऑलेक्जेंडर कैडेट के घर के पीछे एक शेड के अंदर अंडरग्राउंड कमरा बना है। जहां पहुंचने के लिए जमीन से साढ़े छह फीट नीचे एक सी?ी लगी है। कीव के बाहर रहने वाले 32 साल के ऑलेक्जेंडर ने अपनी पत्नी के साथ एक पुराने कुएं को दो हफ्तों की मेहनत के बाद बंकर में तब्दील कर दिया है।

लेकिन वे यह भी उम्मीद कर रहे हैं कि उन्हें इस कमरे का इस्तेमाल कभी न करना पड़े। हालांकि परमाणु हमले की संभावना को देखते हुए इस बंकर में उन्होंने पानी की बोतलें, पैक्ड फूड, रेडियो और पावर बैंक भी जमा कर रखे हैं। 24 फरवरी को शुरू हुई रूस-यूक्रेन जंग 8 अक्टूबर को तेज हो गई। इस दिन यूक्रेन ने रूस का कर्च ब्रिज उड़ा दिया था। ये ब्रिज रूस को क्रीमिया से जोड़ता है। इसका बदला लेते हुए रूस ने 48 घंटे बाद 10 अक्टूबर को यूक्रेन पर 83 मिसाइलें दाग दी थीं। इस दौरान यूक्रेन का पारकोवी ब्रिज भी तबाह हो गया था। यह नाइपर नदी पर पैदल यात्रियों के लिए बनाया गया था। इसके अलावा रूस ने कर्च ब्रिज उ?ने के आरोप में यूक्रेन के 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। दरअसल, पुतिन ने रूस की मिलिट्री पावर को बढ़ाने के साथ यूक्रेन के डोनबास पर अपना कब्जा जमाने की तैयारी तेज कर दी है। डोनबास के अलावा रूस यूक्रेन के खेरसॉन और जपोरिजिया को अपना हिस्सा बनाने की कोशिश कर रहा है। पुतिन ने इन इलाकों में जनमत संग्रह कराने का आदेश दिया है।

जंग की शुरुआत से ही पश्चिमी देशों ने रूस का विरोध करना शुरू कर दिया था। कई प्रतिबंध भी लगाए। इसे लेकर 10 मार्च को पुतिन ने कहा था- वेस्टर्न कंट्रीज ने हम पर बेवजह प्रतिबंध लगा रखे हैं। इससे रूस को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

28 अप्रैल को पुतिन ने पश्चिमी देशों को एक बार फिर चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा था- अमेरिका और उसके सहयोगी देश यूक्रेन का साथ देकर हमले के लिए उकसा रहे हैं। हमारे सब्र की परीक्षा न लें। 6 जून को पुतिन ने यूक्रेन को रॉकेट सिस्टम भेजने के खिलाफ पश्चिमी देशों को धमकाया था।

दरअसल, पुतिन ने रूस की मिलिट्री पावर को बढ़ाने के साथ यूक्रेन के डोनबास पर अपना कब्जा जमाने की तैयारी तेज कर दी है। डोनबास के अलावा रूस यूक्रेन के खेरसॉन और जपोरिजिया को अपना हिस्सा बनाने की कोशिश कर रहा है। पुतिन ने इन इलाकों में जनमत संग्रह कराने का आदेश दिया है।




# यूएस-सऊदी अरब रिलेशन पर दोबारा विचार कर रहे बाइडेन

## ओपीईसी के फैसले से खफा अमेरिका बोला रूस का साथ दे रहा है सऊदी अरब




**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन स और सऊदी अरब के रिलेशन पर दोबारा विचार कर रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि ऑयल उत्पादक देशों के संगठन ओपेक ने 5 अक्टूबर को तेल उत्पादन में कटौती करने का फैसला किया था। इससे अमेरिका बेहद खफा है। सऊदी अरब इस समूह का प्रमुख सदस्य है।

व्हाइट हाउस नेशनल सिक्योरिटी स्पोक्सपर्सन जॉन किर्बी ने कहा- प्रेसिडेंट बाइडेन सऊदी अरब के साथ अमेरिकी संबंधों पर दोबारा विचार कर रहे हैं। रूस-यूक्रेन जंग के चलते कच्चे तेल के दाम बढ़ गए हैं, जिससे दुनियाभर तेल महंगा हो गया है। अमेरिका चाहता है कि सऊदी अरब तेल का उत्पादन बढ़ाए, ताकि वैश्विक तेल कीमतों को काबू में किया जा सके।

अमेरिका के कई अधिकारियों ने सऊदी पर यूक्रेन जंग में रूस की मदद करने का आरोप लगाया है। अधिकारियों का कहना है कि साऊदी अरब ऑयल प्रोडक्शन में कटौती करके रूस का साथ दे रहा है। यह मुद्दा न सिर्फ यूक्रेन जंग के लिए चिंताजनक है, बल्कि यह अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा हितों का भी मामला है। प्रोडक्शन कम करने के ओपेक के फैसले से ग्लोबल मार्केट में तेल के दाम और बढ़ जाएंगे। बाइडेन ने ओपेक के इस फैसले को निराशाजनक बताया।

अमेरिका करीब 18 प्रतिशत ऑयल का उत्पादन करता है। वहीं, वह अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए ओपेक और खाड़ी देशों से ऑयल इम्पोर्ट करता है। 1977 में अमेरिका ओपेक पर ज्यादा निर्भर था। ओपेक अमेरिका को उसके पेट्रोलियम आयात का 70 प्रतिशत ऑयल के आयात का 85 प्रतिशत हिस्सा एक्सपोर्ट करता था।

घटते-घटते 2020 में अमेरिका के कुल पेट्रोलियम आयात में ओपेक की हिस्सेदारी 11 प्रतिशत के करीब थी और अमेरिकी क्रूड ऑयल के आयात में इसकी हिस्सेदारी 14 प्रतिशत रह गई। सबसे बड़ा ओपेक निर्यातक सऊदी अरब, अमेरिका के कुल पेट्रोलियम आयात का 7 प्रतिशत और अमेरिकी ऑयल के आयात का 8 प्रतिशत का साझेदार था। सऊदी अरब खाड़ी देशों से अमेरिकी पेट्रोलियम आयात का सबसे बड़ा निर्यातक भी है। 2020 में अमेरिका के कुल पेट्रोलियम आयात का करीब 10 प्रतिशत और अमेरिकी क्रूड ऑयल का 12 प्रतिशत आयात खाड़ी देशों से हुआ।

1960 में ओपेक देशों के संगठन बनने के बाद 1973 में सऊदी अरब, ईरान और इराक के नेतृत्व वाले कुछ देशों ने अमेरिका जैसे ताकतवर देशों की इकोनॉमी को पूरी तरह से ठप कर दिया था। दरअसल, 1973 में होने वाले योम किपुर की लड़ाई में अमेरिका ने इजराइल का समर्थन किया था। दूसरी तरफ मिस्त्र और सीरिया के नेतृत्व वाले अरब देश शामिल थे।

इन देशों ने जब अमेरिका को तेल देना बंद किया तो अमेरिका की इकोनॉमी अपने सबसे बुरे दौर में जा चुकी थी। इसी समय ओपेक दुनिया के ताकतवर तेल संगठन के रूप में दुनिया के सामने उभर कर आया। तभी से यह माना गया कि ओपेक वर्ल्ड इकोनॉमी को सीधा प्रभावित करता है। सऊदी अरब का कहना है कि तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों को स्थिर रखने के लिए इसके प्रोडक्शन में कटौती की गई है। यह फैसला किसी देश के समर्थन या विरोध से नहीं जुड़ा है, लेकिन इसका असर भारत पर हो सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि भारत अपनी जरूरत को पूरा करने के लिए 80 प्रतिशत ऑयल का आयात करता है। ओपेक देश भारत की जरूरत का 60 प्रतिशत ऑयल सप्लाई करते हैं। इनमें सऊदी अरब, इराक, ईरान वेनेजुएला शामिल हैं। ये सभी देश ओपेक के संस्थापक सदस्य हैं। जाहिर है भारत की तेल जरूरतों का अधिकांश हिस्सा इन्हीं देशों से पूरा होता है।

# रेलवे कर्मचारियों के लिए बोनस का ऐलान

## कैबिनेट बैठक में सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को 22,000 करोड़ की मदद देने का भी फैसला

**नई दिल्ली।** सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को राहत देते हुए केंद्र सरकार ने आज (12 अक्टूबर) हुई केंद्रीय कैबिनेट में बड़ा बोनांज देने का ऐलान किया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट मीटिंग में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनियों को रसोई गैस के घाटे की भरपाई के लिए 22,000 करोड़ रुपए के आवंटन को मंजूरी मिली है।
ये कंपनियां एलपीजी गैस मार्केट रेट से नीचे बेचकर नुकसान उठा रही हैं, ऐसे में यह सब्सिडी देकर सरकार उन्हें राहत दे रही है। इस फैसले से ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड को फायदा पहुंचेगा।
केंद्र सरकार ने दिवाली से पहले रेलवे कर्मचारियों के लिए बोनस का किया ऐलान किया है। 11 लाख 27 हजार रेलवे कर्मचारियों को 1 हजार 832 करोड़ का बोनस दिया जाएगा। बोनस के तौर पर कर्मचारियों को 78 दिनों की सैलरी मिलेगी। पीएम डिवाइन योजना को मंजूरी दी गई है। इसमें सरकार आने वाले 4 सालों (2022-23 से 2025-26) में 6,600 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। यह एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है जिसका 100 प्रतिशत वित्तपोषण केंद्र सरकार द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा कैबिनेट में गुजरात का दीनदयाल पोर्ट में पीपीपी मॉडल पर कंटेनर टर्मिनल बनाने और मल्टी पर्पज कारगो बनाने का निर्णय लिया गया है।

# सितंबर में बढ़ी रिटेल महंगाई

## सब्जियों और कपड़ों के महंगे होने से महंगाई 7.41




**नई दिल्ली।** सितंबर में रिटेल महंगाई बढ़कर 7.41 प्रतिशत हो गई। अगस्त में ये 7 प्रतिशत थी। वहीं एक साल पहले यानी सितंबर 2021 में ये 4.35 प्रतिशत थी। कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स आधारित रिटेल महंगाई दर के आंकड़े बुधवार को जारी किए गए। खाने-पीने का सामान खास तौर पर सब्जियों और मसालों की कीमतों के बढ़ने की वजह से महंगाई बढ़ी है। महंगाई का सीधा संबंध पर्चेजिंग पावर से है। उदाहरण के लिए, यदि महंगाई दर 7 प्रतिशत है, तो अर्जित किए गए 100 रुपए का मूल्य सिर्फ 93 रुपए होगा। इसलिए महंगाई को देखते हुए ही निवेश करना चाहिए। नहीं तो आपके पैसे की वैल्यू कम हो जाएगी। महंगाई कम करने के लिए बाजार में पैसों के बहाव (लिक्विडिटी) को कम किया जाता है। इसके लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया रेपो रेट बढ़ाता है। बढ़ती महंगाई से चिंतित ने हाल ही में रेपो रेट में 0.50 प्रतिशतइजाफा किया है। इससे रेपो रेट 5.40 प्रतिशत से बढ़कर 5.90 प्रतिशत हो गया है। भारतीय रिजर्व बैंक मौद्रिक और क्रेडिट से जुड़ी नीतियां तय करने के लिए थोक मूल्यों को नहीं, बल्कि खुदरा महंगाई दर को मुख्य मानक (मेन स्टैंडर्ड) मानता है। अर्थव्यवस्था के स्वभाव में डब्ल्यपीआई और सीपीआई एक-दूसरे पर असर डालते हैं। इस तरह डब्ल्यपीआई बढ़ेगा, तो सीपीआई भी बढ़ेगा। कच्चे तेल, कमोडिटी की कीमतों, मैन्युफैक्चर्ड कॉस्ट के अलावा कई अन्य चीजें भी होती हैं, जिनकी रिटेल महंगाई दर तय करने में अहम भूमिका होती है। करीब 299 सामान ऐसे हैं, जिनकी कीमतों के आधार पर रिटेल महंगाई का रेट तय होता है।

# मां के मूड पर निर्भर है बच्चे का बोलना

## प्रसव के बाद मां की उदासी और गुस्सा बच्चे के विकास में बाधा

**नई दिल्ली।** बच्चा कब बोलना शुरू करेगा, यह बहुत कुछ इस बात पर तय करता है कि मां का मूड कैसा है। अगर मां बच्चे के जन्म के 2 महीने बाद तक उदास या गुस्से में रहती है, तो बच्चा 6 महीने की उम्र तक आवाजों को समझ नहीं पाता। वह देर से बोलना शुरू करता है। जर्मनी के मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर ह्यूमन कॉग्निटिव एंड ब्रेन साइंसेज में हुए शोध में वैज्ञानिकों को पता चला कि बच्चा शुरू से ही आवाजों में फर्क करने लगता है। अगर मां प्रसव के बाद अवसाद से ग्रस्त है तो इसका असर बच्चे के संपूर्ण विकास पर पड़ता है।

ऐसे में पिता की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। उसे बच्चे के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताना और उससे बात करना जरूरी हो जाता है, क्योंकि उदास मां की आवाज की टोन एक जैसी रहती है। ऐसे में बच्चा आवाजों में फर्क करना नहीं सीख पाता। आवाजों में फर्क करना बच्चों का वह नैसर्गिक गुण है, जिसे मां का मूड ही विकसित कर पाता है। इन आवाजों के अंतर को समझते-समझते बच्चा शब्दों को समझने लगता है। अगर मां खुश रहे और बच्चे से बात करे तो बच्चा जल्दी भाषा सीखता है। एफ यू बर्लिन में डेवलपमेंट इन चाइल्डहुड एंड एडोलेसेंस की प्रोफेसर गीजा सैद बताती हैं, जब मां खुश रहती है तो आवाज में अलग-अलग टोन होती है। इस अंतर को बच्चा आसानी से समझ लेता है। अगर आवाजों में अंतर की प्रक्रिया में ज्यादा देरी हो जाए तो बच्चा स्पीच डिसऑर्डर से ग्रसित हो जाता है।

डेवलपमेंट इन चाइल्डहुड एंड एडोलेसेंस की प्रोफेसर गीजा सैद कहती हैं, बच्चों के सामने क्या बोल रहे हैं ध्यान रखें। तब भी जब वे बोलना नहीं जानते हों। वे आवाजों को समझते हैं और आपकी आवाज लंबे समय तक उनके जेहन में रह सकती है। तब भी जब उस आवाज के लिए उनके पास शब्द न हों। ये आवाजें ही बच्चे के लिए आगे चलकर भाषा बन जाती हैं। जैसी आवाजें सुनी होती हैं, वैसी ही भाषा होती जाती है।



कंसल्टैंट मनोवैज्ञानिक डॉ नेहा कहती हैं, अगर बच्चों को बोलने में समस्या है तो स्पीच थेरेपिस्ट से उनका इलाज 2 से 4 साल की उम्र के बीच शुरू कराएं। ये उनके गले और जीभ की मांसपेशियों को मजबूत कराते हैं और बोलते समय सांस को नियंत्रित करने के तरीके बताते हैं। इसके अलावा ऐसे बच्चों के मां-बाप उनके सामने बोल-बोलकर पड़े और उन्हें भी प्रेरित करें।

इसके साथ ही अपने बच्चों से बात करते रहें। वे ठीक से जवाब न दे पा रहे हों तब भी। आप जितना बात करेंगे, वे बोलने को प्रेरित होंगे। अपने बच्चों से बात करने का समय तय करें। उन्हें सवाल पूछने के लिए प्रेरित करें। संगीत सुनने, गाना गाने और नर्सरी की कविताएं सुनने-सुनाने का भी वक्त निकालें। वे बोलने की कोशिश करने लगेंगे।






# रणवीर सिंह 'महाराष्ट्रीयन ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से सम्मानित



हाल ही में न्यूड फोटोशूट को लेकर विवादों में आए बॉलीवुड के पावर हाउस रणवीर सिंह एक बार फिर से सुर्खियों में हैं। लेकिन इस बार वे किसी विवाद के चलते नहीं, बल्कि एक पुरस्कार के चलते चर्चा में आए हैं। उन्हें महाराष्ट्र सरकार ने महाराष्ट्रीयन ऑफ द ईयर इवेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया है।

रणवीर सिंह को उनकी फिल्म 83 के लिए महाराष्ट्र सरकार ने महाराष्ट्रीयन ऑफ द ईयर के अवॉर्ड से सम्मानित किया है। इस अवार्ड फंक्शन की तस्वीरें और वीडियो खुद रणवीर सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किये हैं, जिनमें मंच पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस उन्हें सम्मानित करते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक अन्य तस्वीर में रणवीर सिंह अपने हाथों में अवॉर्ड लिए हुए नजर आ रहे हैं। तस्वीरों के सामने आने के बाद उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

रणवीर सिंह ने तस्वीरों के साथ एक कैप्शन लिखा, महाराष्ट्रीयन ऑफ द ईयर! महाराष्ट्र मेरा घर है, मेरा गौरव है! भारत के दिग्गज नेताओं, एकनाथ शिंदे, देवेंद्र फडणवीस और प्रमोद सावंत से यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त करने के लिए खुद को भाग्यशाली महसूस कर रहा हूं। इस सम्मान के लिए धन्यवाद।

रणवीर सिंह के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे जल्द ही फिल्म 'सर्कस' और 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में नजर आने वाले हैं। सर्कस इसी साल क्रिसमस के उपलक्ष्य में 23 दिसंबर, जबकि 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' 10 फरवरी, 2023 को सिनेमा घरों में रिलीज होंगी।

# स्टनिंग लुक में स्पॉट हुई किंग खान की



# लाडली सुहाना खान

बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान बेशक ग्लोबल स्टार बन चुके हैं, लेकिन उनकी लाडली बेटी सुहाना खान की पॉपुलैरिटी भी किसी स्टार से कम नहीं है। वे जब भी नजर आती हैं, मीडिया में छा जाती है। सुहाना का स्टनिंग लुक, ग्लैमरस ड्रेस सेंस फैंस की उत्सुकता को और भी बड़ा देता है। ऐसा ही एक वीडियो मशहूर बॉलीवुड फोटोग्राफर वरिंदर चावला ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। वीडियो में सुहाना खान पिंक फैंसी टॉप और ब्लू वाइड जींस में नजर आ रही हैं। साथ ही उन्होंने जैकेट भी कैरी किया हुआ है। रिपोर्ट्स की मानें तो सुहाना खान अपने अगले प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए महबूब स्टूडियो पहुंची थीं। इस दौरान वे मीडिया की कैमरों की नजर में आ गईं।

बता दें कि सुहाना खान जोया अख्तर की फिल्म 'द आर्चीज' से बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। फिल्म में सुहाना खान 'वेरोनिका', खुशी कपूर 'बेट्टी' और अगस्त्य नंदा 'आर्चीज' का किरदार निभा रहे हैं। इन तीनों के अलावा 'द आर्चीज' में मिहिर

## महामारी के दौरान कोड नेम तिरंगा की शूटिंग को लेकर

# परिणीति चोपड़ा ने साझा किया अपना अनुभव



परिणीति चोपड़ा अपनी पहली एक्शन फिल्म कर रही है। कोड नेम तिरंगा में वो भारत को बचाने के लिए एक बेहद जोखिम भरे मिशन पर एक एजेंट की भूमिका निभा रही हैं।

महामारी के दौरान दूसरी लहर के बीच हुई शूटिंग के दौरान अपने अनुभव के बारे में अभिनेत्री ने खुल कर बात की।

परिणीति कहती हैं, हमने मानव जाति द्वारा देखे गए सबसे अप्रत्याशित समय में से एक के दौरान कोड नेम तिरंगा की शूटिंग की, हम कोविड-19 की दूसरी लहर के दौरान भारत के लॉकडाउन में जाने से तीन दिन पहले तुर्की के लिए रवाना हुए।

जैसा कि मैं ऐसा करने के लिए धन्य थी जो मुझे सबसे ज्यादा पसंद है वह है अभिनय करना, हर एक दिन बहुत मुश्किल था क्योंकि हमारे सामने कई चुनौतियां थीं। परिणीति ने तुर्की में टीम को जिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, उस पर विस्तार से बताया, ऐसे दिन थे जब हमें नहीं पता था कि हम अगले दिन शूटिंग कर पाएंगे या नहीं, और एक दिन की शूटिंग रद्द होने का मतलब पूरे शेड्यूल का पुनर्गठन करना था। भावना यह थी कि पूरा दल एक द्वीप पर अलग-थलग था।

वह आगे कहती हैं, इससे क्या हुआ कि हम सब घर से दूर एक बड़े परिवार की तरह हो गए, जो दिन-ब-दिन इतनी बाधाओं से जूझ रहे थे।

**अंत में परिणीति चोपड़ा ने कहा, निर्देशक और फिल्म के निमार्ता रॉक हमारे साथ बेहत मजबूती से खड़े थे। उन्होंने अपने रास्ते में आने वाली हर चुनौती को लेने का फैसला किया।**





# मिली में दिखेगा जाह्नवी कपूर का अनोखा अंदाज

## पापा बोनी कपूर बना रहे फिल्म

बॉलीवुड की 'धड़क' गर्ल जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म मिली को लेकर काफी एक्साइटेड हैं। उनके लिए यह फिल्म अभी तक की सभी फिल्मों में बेहद खास है। खास इसलिए क्योंकि मिली को जाह्नवी के पापा यानी बोनी कपूर प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म से जाह्नवी का फर्स्ट लुक भी सामने आ गया है, जो उनकी पर्सनैलिटी को बेहद सूट कर रहा है। फिल्म से इस फर्स्ट लुक में जाह्नवी ने बैक बैग टांगा हुआ है और वह हंसती हुई नजर आ रही हैं। पोस्टर पर मिली की पर्सनल डिटेल्स भी लिखी हैं।

पोस्टर में लिखी डिटेल्स के मुताबिक, फिल्म में जाह्नवी के किरदार का नाम होगा मिली डोंडियाल। उम्र 24 साल और पढ़ाई बीएससी नर्सिंग ग्रेजुएट। मिली एक सर्वाइवल थ्रिलर फिल्म है जिसका निर्देशन मुथूकुची जेवियर ने किया है, जबकि स्क्रीन प्ले रितेश शाह का है। जाह्नवी कपूर के अलावा फिल्म में मनोज पाहवा और एक्टर विक्की कौशल के छोटे भाई सनी कौशल भी लीड रोल में होंगे। मनोज मिली के पिता तो सनी कौशल मिली के बॉयफ्रेंड का रोल करेंगे। यह फिल्म 4 नवंबर को बड़े पर्दे रिलीज होने के लिए तैयार है। उल्लेखनीय है कि जाह्नवी कपूर दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी और फिल्ममेकर बोनी कपूर की बेटी हैं। उन्होंने साल 2018 में आई फिल्म धड़क से बॉलीवुड में कदम रखा था। आखिरी बार उन्हें फिल्म गुड लक जेरी में देखा गया था और उससे पहले वह फिल्म रूही में नजर आई थीं। वहीं उनके अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की बात करें तो मिली के अलावा वह मिस्टर एंड मिसेज माही और बवाल जैसी फिल्मों में नजर आएंगी।



# नीति मोहन ने अपने सफल करियर का श्रेय दिया अपने पिता को

गायिका नीति मोहन, जो वर्तमान में सिंगिंग रियलिटी शो सा रे गा मा पा लिटिल चैंप्स में युवा प्रतिभाओं को जज करती नजर आ रही हैं, ने अपने सफल करियर का श्रेय अपने पिता बृज मोहन शर्मा को दिया। जब जिया रे गायिका ने राजेश खन्ना और हेमा मालिनी-स्टारर कुदरत के ट्रैक हमें तुमसे प्यार कितना पर हैदराबाद की 11 वर्षीय देविका शर्मा का प्रदर्शन देखा, तो उन्होंने उसकी प्रशंसा की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि अपनी बेटी को इतना अच्छा प्रदर्शन करते हुए देखना किसी भी पिता के लिए गर्व का क्षण होता है और उसने अपने पिता को याद किया। गायिका नीति मोहन ने कहा, मैं आपकी कहानी से जुड़े सकती हूं क्योंकि जैसे आप 3 बहनें हैं, हम भी 4 बहनें हैं। जब हम सभी ने कलाकार बनने का फैसला किया, तो हमारे पिता हमारे सबसे बड़े सपोर्ट सिस्टम थे। आज, जब मैंने आपके पिता को भावुक होते हुए देखा। तुम गा रहे थे, मुझे पता था कि वह कैसा महसूस कर रहे थे। उन्होंने कहा कि, हर पिता अपनी बेटी की सफलता में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और इसी तरह, उसके पिता ने भी उस स्तर तक पहुंचने के लिए उसका बहुत समर्थन किया जहां वह अब हैं। गायिका नीति मोहन ने कहा, मैं वास्तव में मानता हूं कि हर सफल बेटी के पीछे एक पिता होता है, और मुझे लगता है कि यह विचार मेरे जीवन की कहानी के साथ-साथ आपके जीवन में भी फिट बैठता है। भविष्य में, हम जहां भी पहुंचते हैं, जो कुछ भी करते हैं, यह सब हमारे पिता के आशीर्वाद और उनके आशीर्वाद के कारण होता है। समर्थन। मैं अपने पिता और अन्य सभी पिताओं को धन्यवाद देना चाहती हूं जिन्होंने अपनी बेटियों को उनके सपनों को प्राप्त करने में समर्थन दिया। ता रे गा मा पा लिटिल चैंप्स को शंकर महादेवन, अनु मलिक, नीति मोहन जज कर रहे हैं और होस्ट भारती सिंह कर रहे हैं। यह शो जी टीवी पर प्रसारित होता है।










# साजिद खान की बिग बॉस में एंट्री पर मचा बवाल, एफडब्लयूआईसीई ने दिया स्पष्टीकरण

मीटू कैंपेन में फंसे फिल्म निर्माता और निर्देशक साजिद खान को रियलिटी शो 'बिग बॉस' से हटाने की मांग जोर पकड़ने लगी है। उनकी खिलाफत करने वालों की कतार लंबी होती जा रही है। वहीं शो के निमार्ता उन्हें शो से निकालने से इनकार कर रहे हैं, क्योंकि वे इसी विवाद के चलते टीआरपी और ज्यादा से ज्यादा दर्शकों को शो की तरफ खींचना चाहते हैं। वहीं विवाद को बढ़ता देख 'फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज' (एफडब्लयूआईसीई) ने अपना स्पष्टीकरण जारी किया है।

हैशटैग मी टू मूवमेंट के दौरान कई महिला पत्रकारों और अभिनेत्रियों ने साजिद खान द्वारा कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाई थी, जिसके बाद 2018 में एफडब्लयूआईसीई ने साजिद खान पर एक साल का बैन लगा दिया था। हालांकि 2019 में उन पर से ये प्रतिबंध हटा दिया गया था, लेकिन उसके बाद भी साजिद खान इंडस्ट्री से दूर चल रहे थे। ऐसे में उन्होंने बिग बॉस के जरिए इंडस्ट्री में वापसी करने का फैसला किया था, लेकिन शो में उनकी एंट्री को लेकर हंगामा खड़ा हो गया है। इसे देखते हुए एफडब्लयूआईसीई ने सफाई दी है कि साजिद खान पर अब फिल्म इंडस्ट्री में किसी भी तरह के प्रोजेक्ट पर काम करने कोई प्रतिबंध नहीं है।

इसके बाद भी जब विवाद नहीं थमा तो एफडब्लयूआईसीई ने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि भारतीय फिल्म और टेलीविजन निदेशक संघ को साजिद के खिलाफ शिकायतें मिली थीं, जिसकी वजह से साजिद पर एक साल का प्रतिबंध लगा था, लेकिन अब वे एक साल सजा काट चुके हैं, इसलिए उन्हें काम करने की अनुमति दे दी गई है। एफडब्लयूआईसीई ने इस मामले पर अनुराग ठाकुर से उचित कदम उठाने की बात कही है।



उधर, दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर को पत्र लिखकर फिल्म निमार्ता और निर्देशक साजिद खान को रियलिटी शो 'बिग बॉस' से हटाने की मांग करते हुए इस मामले में कड़ा स्टैंड लेने और पीड़िताओं का साथ देने का अनुरोध किया है। ऐसे में देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले दिनों में यह विवाद कैसे शांत होता है।




## एसीईओ ने तुगलपुर का किया निरीक्षण

# गंदगी मिलने पर लगाई फटकार

### गांव की आबादी के हिसाब से सफाई कर्मियों की तैनाती के लिए जल्द होगा सर्वे



जय हिन्द संवाद

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा शर्मा ने बुधवार को तुगलपुर गांव का दौरा किया। साफ-सफाई बेहतर न मिलने पर कड़ी फटकार लगाई। बरातघर परिसर में अवैध कब्जा मिलने पर सुपरवाइजर के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दे दिए हैं। साथ ही आबादी के हिसाब से गांवों में सफाई कर्मी तैनात करने के लिए जल्द ही स?र्वे किया जाएगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने गांवों की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। इसके चलते एसीईओ प्रेरणा शर्मा ने खुद गांवों में जाकर सफाई व्यवस्था का जायजा लेने की पहल की है। बुधवार को एसीईओ प्रेरणा शर्मा सुबह करीब 8.15 बजे ही तुगलपुर पहुंच गईं। गांव की गलियों में घूमीं। इस दौरान तुगलपुर में तैनात 15 सफाई कर्मियों में से 11 ही मौके पर मिले। एसीईओ ने जनस्वास्थ्य विभाग के प्रभारी व जीएम प्रोजेक्ट सलिल यादव को निर्देश दिए कि सभी सफाई कर्मी सुबह 6.30 बजे से कार्य शुरू करें। सफाईकर्मी फील्ड से ही सुबह सात बजे तक व्हाट्स ग्रुप पर अपनी अटेंडेंस भेज दें। गांव की ड्रेन का लंबे समय से अधूरा होने पर नाराजगी जताते हुए शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। एसीईओ ने बरातघर का भी निरीक्षण किया। अवैध कब्जे की वजह से बरातघर की बुकिंग नहीं हो पा रही। एसीईओ ने इसे तत्काल खाली कराने के निर्देश दिए। साथ ही सुपरवाइजर के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। एसीईओ प्रेरणा शर्मा ने कंसल्टेंट एजेंसी ई एंड वाई की टीम से गांव की आबादी के हिसाब से सफाई कर्मी व अन्य संसाधन जुटाने के लिए सर्वे कराने के निर्देश दिए हैं। एसीईओ ने नियमित सफाई कराने को कहा है। एक सप्ताह में बाद गांव का औचक निरीक्षण साफ-सफाई व्यवस्था का फिर से जायजा लेने की बात कही है। सफाई व्यवस्था बेहतर व मिली तो कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी

## सादोपुर में मैं हूं विकल्प : स्वच्छता व सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान आयोजित

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जन स्वास्थ्य विभाग की तरफ से बुधवार को सादोपुर गांव के माध्यमिक विद्यालय में 'मैं हूं विकल्प' : स्वच्छता व सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान तहत कैंपेन का आयोजन किया गया। इस कैंपेन में विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकगण, छात्रगण व फीडबैक फॉउंडेशन के प्रतिनिधि शामिल हुए । विद्यालय में उपयोग किये जा रहे प्लास्टिक व पॉलिथीन के रोकथाम के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। प्लास्टिक के विकल्पों के बारे में बताया गया। बाजार जाते समय थैला साथ ले जाने के लिए प्रेरित किया गया, ताकि सिंगल यूज प्लास्टिक व पॉलिथीन का उपयोग पूर्णतया बन्द किया जा सके। इसके साथ ही स्वच्छता के लिए गीले व सूखे कूड़े को अलग- अलग कड़ेदान में रखने के लिए जागरूक किया गया।



## एनटीपीसी के खिलाफ किसानों ने निकाली बाइक रैली



जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** एनटीपीसी दादरी के विरोध मेंभारतीय किसान परिषद के सदस्यों एवं किसानों ने एनटीपीसी के खिलाफ बाइक रैली निकाली।

भारतीय किसान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा के नेतृत्व में समस्त किसानों ने एकता संदेश रैली की शुरूआत जीत की मशाल के नौवें दिन कैलाशपुर से ढोल नगा?ें व डीजे के साथ की। खलीफा ने कहा अब एनटीपीसी दादरी के खिलाफ आन्दोलन की पुरी रणनीति तैयार हो चुकी हैं। श्यौराजपुर दुनिया का एकमात्र ऐसा गाँव है। जिसके चारों तरफ रेलवे लाइन है। इस गाँव के सभी लोग सबसे ज्यादा परेशानियाँ झेल रहे हैं। ना प्राधिकरण काम कराता है। ना एनटीपीसी गाँवो के साथ भी ने सौतेला व्यवहार किया है। एनटीपीसी दादरी ने केवल किसानों का खुन चुसने का काम किया है। खलीफा ने कहा कि अब गाँव गाँव मैं महिला पंचायत की जा रही है। बुधवार को बिसाहडा मै महिला पंचायत का आयोजन किया गया। छोटी दीपावली के लिए दीपदान किये जा रहे है । रूपवास व कैलाशपुर की मातृशक्ति ने खलीफा को 21 हजार दीपदान करके जीत के लिए आशीर्वाद दिया।

- **किसानों का खुन चुसने का काम कर रही एनटीपीसी : सुखबीर खलीफा**

# गठिया रोग के प्रति लोगों को किया जागरूक

### फेलिक्स हॉस्पिटल ने किया वॉकथॉन का आयोजन




जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** सेक्टर 137 फेलिक्स हॉस्पिटल की ओर से बुधवार को विश्व गठिया दिवस पर वॉकथॉन का आयोजन हुआ। फेलिक्स हॉस्पिटव से बायोडाइवर्सिटी पार्क तक आयोजित वॉकथॉन में हिस्सा लेने के लिए लोगों ने वेबसाईट पर पंजीकरण कराया था। वॉकथॉन में हिस्सा लेने वाले लोगों ने विश्व गठिया दिवस पर गठिया को हराने की शपथ ली। कार्यक्रम का आयोजन गठिया के लिए चार कदम की मुहिम का हिस्सा बनें थीम पर आयोजित हुआ।

डॉ. डीके गुप्ता ने बताया कि अब गठिया बु?ापे की बीमारी नहीं रही। कम उम्र के लोगों को भी गठिया घेर रही है। 35 से 40 साल के लोग बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। प्रत्यारोपण तक की नौबत आ रही है।

गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ. किरण सेठ बताया कि शुरूआत में लोग जो?ों में दर्द को नजरअंदाज करते हैं। युवाओं में कूल्हे के पीछे हिस्से में दर्द की समस्या भी बड़ी है। यह रीढ़ की हड्डी में परेशानी की वजह से भी हो सकता है। ऐसे मरीजों को न्यूरोलॉजिस्ट देखते हैं।

वहीं कूल्हे के सामने यानी जांघ के हिस्से में दर्द होता है तो यह गठिया की वजह हो सकता है।

गठिया पीड़ित करीब 30 से 40 मरीज समय पर इलाज नहीं कराते। इससे समस्या गंभीर होती है। गठिया से बचने के लिए शरीर का वजन न बढ़ने दें। क्योंकि शरीर का वजन बढ़ने का सबसे ज्यादा असर जोड़ों पर पड़ता है। सीढ़ी चढ़ें तो घुटने जवाब दे जाते हैं। गठिया किसी भी हिस्से में हो सकता है। जोड़ों में यूरिक एसिड जमा होना इसका प्रमुख कारण है। यूरिक एसिड गलत खानपान और जीवनशैली के कारण बनता है। रोग होने पर दही, खट्टी और ठंडी छाछ, आइस्क्रीम, दालें, कुल्फी, पैक्ड आयटम नहीं खाएं।

# शराब पार्टी में युवक की हत्या, एक गिरफ्तार, दूसरा फरार

जय हिन्द संवाद

**ग्रेटर नोएडा।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के अंतर्गत लखनावली गांव में बीती रात शराब पार्टी के दौरान दो दोस्तों ने मिलकर अपने साथी की हत्या कर दी। वह लखनावली गांव निवासी की पशुओं के डेयरी में नौकर का काम करता था। बुधवार की सुबह नौकर का शव गांव के समीप खाली प्लॉट में पड़ा मिला। पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि दूसरा फरार है। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।

- **दो दोस्त एक साथ बैठकर शराब पार्टी कर रहे थे**
- **झगड़े के दौरान दोनों आरोपियों ने मूलचंद के सिर पर डंडे से वारकर उसकी हत्या कर दी**

सूरजपुर कोतवाली पुलिस के मुताबिक मूलरूप से छतरपुर मध्य प्रदेश का रहने वाला 50 वर्षीय मूलचंद लखनावली गांव में सुरेंद्र नागर के घेर में रहकर पशुओं की देखभाल का काम करता था। मंगलवार की रात मूलचंद और उसके दो दोस्त एक साथ बैठकर शराब पार्टी कर रहे थे। इसी बीच मूलचंद का अपने साथियों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। झगड़े के दौरान दोनों आरोपियों ने मूलचंद के सिर पर डंडे से वारकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी उसे लहूलुहान हालत में छोड़कर भाग गए।

ग्रामीणों ने बुधवार की सुबह मूलचंद का शव पड़ा देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मृतक के साथी राजेंद्र निवासी सुंदरगड़ उड़ीसा को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने छतरपुर मध्य प्रदेश के रहने वाले अपने साथी मोहन के साथ मिलकर मूलचंद की हत्या की थी। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि शराब पीने के दौरान उनके बीच झगड़ा हुआ था। नशे में उन्होंने मूलचंद के सिर पर डंडे से हमला किया था। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी अवधेश प्रताप सिंह का कहना है कि एक आरोपी राजेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि फरार आरोपी मोहन की तलाश की जा रही है। आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## स्व. मुलायम सिंह यादव को भारत रत्न देने की मांग

जय हिन्द संवाद



**दादरी।** समाजवादी पार्टी के पूर्व महासचिव एडवोकेट श्याम सिंह भाटी ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर नेताजी के नाम से प्रसिद्ध मुलायम सिंह यादव को भारत रत्न देने की मांग की है।

पत्र में उन्होंने कहा है कि उत्तर प्रदेश के छोटे से गांव सैफई के पिछड़े परिवार से ताल्लुक रखने वाले मुलायम सिंह यादव भारत की राजनीति में छह दशकों तक केंद्र बिंदु रहे। इस दौरान वे 8 बार विधायक, 7 बार सांसद और तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री चुने गए, वहीं एक बार केंद्र सरकार में रक्षा मंत्री रहे। इस दौरान उन्होंने गरीब, पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यकों के हितों के लिए काम किया। उनके करोड़ों प्रशंसकों और समाजवादी चिंतकों तथा उनके संघर्षों को देखते हुए उन्हें भारत रत्न मिलना चाहिए।

## अस्पताल में बुजुर्ग की मौत

**नोएडा।** सेक्टर-33 स्थित रेल विहार कॉलोनी में रहने वाले 68 वर्षीय सुरेंद्र कुमार को उनके परिजनों ने बुधवार सुबह को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया था। यहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की। पुलिस को पता चला है कि वह लंबे बीमारी से ग्रसित थे।

## विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

जय हिन्द संवाद

**नोएडा।** बेरोजगारों को विदेश में रोजगार दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का थाना सेक्टर 20 पुलिस ने पर्दाफाश किया है। यह गिरोह सेक्टर 27 गांव अट्टा में एक किराए के मकान में रहकर इस जालसाजी को अंजाम दे रहा था। पुलिस ने कड़ियां जोड़ते हुए आरोपी को खोज निकाला। यह ग्रुप सैकड़ों युवाओं को ठगी का शिकार बना चुका है। थाना सेक्टर 20 पुलिस इस गिरोह के पीछे काफी समय से थी फिलहाल दो जालसाजो को गिरफ्तार कर लिया गया है।

इनके कब्जे से पुलिस ने नगदी और माल भी बरामद किया है। जिसमें कंप्यूटर, लैपटॉप और मोबाइल फोन शामिल है। गांव से ही यह इस पूरे गोरखधंधे को ऑपरेट करते थे ताकि पुलिस इन तक ना पहुंच सके।


# रेयान स्कूल की प्रधानाचार्य पर अभिभावक का आरोप

जय हिन्द संवाद



**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर बी टावर स्थित रेयान इंटरनेशनल स्कूल के द्वारा दाखिले एवं ट्यूशन फीस के नाम पर धोखाधड़ी एवं लूट का आरोप लगा करप्शन फ्री इंडिया संगठन के बैनर तले एक छात्र के अभिभावक विपिन चौहान ने जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मवीर सिंह को लिखित शिकायत दी।

करप्शन फ्री इंडिया संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय ने बताया कि रेयान इंटरनेशनल स्कूल में दाखिले एवं ट्यूशन फीस के नाम पर सैकड़ों अभिभावकों के साथ धोखाधड़ी एवं लूट की है। जिसकी शिकायत जिला विद्यालय निरीक्षक, जिलाधिकारी एवं पुलिस थाने में की है लेकिन अभी तक कोई भी कार्यवाही नहीं हो रही। आज एक छात्र के अभिभावक विपिन चौहान ने जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मवीर सिंह को लिखित शिकायत दी है। उन्होंने कहा कि अगर इस प्रकार में जल्द ही कार्यवाही नहीं हुई तो विद्यालय के मुख्य द्वार पर भूख हड़ताल की जाएगी। अभिभावक विपिन चौहान ने बताया कि सत्र 2020-21 में उन्होंने अपनी बेटी का दाखिला रेयान इंटरनेशनल स्कूल में 50प्रतिशत दाखिले एवं ट्यूशन फीस में छूट के आधार पर दाखिला कराया था जिसका लाभ उन्हें आज तक मिल रहा है उसी आधार पर सत्र 2022-23 में उन्होंने अपने बेटे का दाखिला कराया लेकिन दाखिले के 3 महीने बाद 50प्रतिशत छूट को बढ़ाकर 100त्न कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इस तरीके से हमारे साथ स्कूल की प्रधानाचार्य ने धोखाधड़ी एवं लूट की है जिसकी शिकायत जिला विद्यालय निरीक्षक की है। इस दौरान सुंदर प्रजापति, सत्येंद्र कपासिया, योगेश भाटी, अंकित त्यागी, फतेह सिंह, विपिन चौहान, नीरज भाटी, मृदुल पचौरी, किरणपाल सिंह ठाकुर, रोशन सिंह, विमलेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।




जे. एच. जे. कम्यूनिकेशन प्रा.लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **मोहम्मद इमरान** द्वारा सी-65, सेक्टर-9 नोएडा, से प्रकाशित व बीएफएल इंफोटेक लि., सी-9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। संपादक **मोहम्मद आजाद** (RNI No. : UPHIN/05/14445), **( सभी विवादों का निस्तारण जिला न्यायालय गौतमबुद्ध नगर में होगा )** फोन नं. 9311220786. फैक्स : 0120:4267616. Email: jaihindjanab00@gmail.com